दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 13 जयपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## बेधड़क पड़ताल: आखिर कहां फंसा है पेच?

# भजन मंत्रिमंडल पर लगी मोदी की मुहर... काउंटडाउन शुरू

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के सुझाए नामों को बड़े विभाग दिए जाने के संकेत

हरीश भामणिया | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल के गठन को लेकर दिल्ली में लंबे समय तक चले मंथन के बाद अंतिम मुहर लग गई है। नामों का ऐलान इसी सप्ताह के अंत तक हो सकता है। गुरुवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीएम भजनलाल शर्मा की मुलाकात के बाद इसके संकेत मिले हैं। हाईकमान से नामों पर मंजूरी मिलने के बाद मंत्रिमंडल के गठन का काउंटडाउन शुरू हो गया है।

इधर, सीएम भजनलाल शर्मा व दोनों डिप्टी सीएम गुरुवार को जयपुर लौट आए हैं। सूत्रों की माने तो शुक्रवार शाम या शनिवार तक संभावित मंत्रिमंडल में शामिल नामों का ऐलान हो सकता है। इधर, सच बेधड़क ने मंत्रिमंडल में हो रही देरी को लेकर गहनता से पड़ताल की तो सामने आया कि केंद्र की ओर से नामों के अलावा प्रदेश से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी नाम सुझाए थे, जिन पर लगभग सहमति बना ली गई है। माना जा रहा है कि पार्टी आलाकमान ने वसुंधरा राजे के सुझाए सभी नामों पर सहमति के संकेत दिए हैं।



### क्यों लगा इतना वक्त ?

सच बेधड़क ने मंत्रिमंडल गठन को लेकर पड़ताल की तो सामने आया कि इसमें सीएम के अलावा प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की पसंद को बैलेंस के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी ने संभावित नामों के अलावा वसुंधरा राजे के सुझाए गए नामों पर आपसी राय बना ली है। मंत्रिमंडल में संभावित नामों को लेकर हाईकमान के लंबे मंथन के चलते वक्त लगा। अब जल्द ही नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। हालांकि गठन को लेकर हाईकमान के फैसले को ही अंतिम माना जाएगा।

### युवाओं को मिल सकता है मौका

सीएम भजन की टीम में कुछ चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। चर्चा यह भी है कि पहली बार चुने गए युवा विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इसके लिए 40 प्लस के विधायकों पर भी विचार किया गया है। आलाकमान को 30 नामों की सूची सौंपी गई है, मगर पहले फेज में 15 मंत्रियों को शपथ दिलाने की चर्चा है। लगभग सभी नामों पर सहमति बन गई है। मंत्रिमंडल में वरिष्ठ और युवा चेहरों का नपा-तुला कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा। कुछ वरिष्ठों को भी मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी, ताकि सरकार चलाने में उनके अनुभव का फायदा लिया जा सके। साथ ही पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए जातीय समीकरण पर भी गहनता से विचार किया है।

**जल्द ही गठित होगा मंत्रिमंडल: राठौड़:** सच बेधड़क ने मंत्रिमंडल गठन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ का पक्ष जाना तो उनका कहना है कि जल्द ही मंत्रिमंडल गठित होगा। आलाकमान सही समय पर सही फैसला करेगा।

## जरूरी खबर

### जम्मू-कश्मीर में सेना के ट्रक पर हमला तीन जवान शहीद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक बार फिर आतंकियों ने घात लगाकर सेना की एक ट्रक पर हमला किया है। राजौरी सेक्टर के थानामंडी इलाके में दो सैन्य वाहनों पर हुए आतंकवादी हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गए हैं जबकि तीन अन्य घायल हो गए। आतंकियों के हमले के बाद भारतीय सेना के जवानों ने भी तुरंत जवाबी कार्रवाई की। इस क्षेत्र में एक महीने के भीतर सेना पर यह दूसरा आतंकी हमला था। आतंकियों की साजिश को नाकाम करने के लिए वहां अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

### 3 क्रिमिनल लॉ बिल पास, अब लगेगी राष्ट्रपति की मुहर



**नई दिल्ली।** संसद ने गुरुवार को तीन नए विधेयकों को मंजूरी दे दी। इसमें औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों में आमूल-चूल बदलाव करने के साथ ही आतंकवाद, 'लिंचिंग' और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले अपराधों के लिए सजा को और अधिक कठोर बनाने के प्रावधान किए गए हैं। अब इन्हें मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलते ही ये तीनों बिल कानून बन जाएंगे। औपनिवेशिक काल से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को उच्च सदन ने ध्वनिमत से अपनी स्वीकृति दी।

## उदयपुर में शिल्पग्राम उत्सव का आगाज

# लोक संस्कृति में ही समाई है जीवन की सुगंध: राज्यपाल

बेधड़क | उदयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि लोक संस्कृति में ही जीवन की सुगंध समाई होती है। संस्कृति कोई वस्तु नहीं, बल्कि जीवन जीने की ढंग होती है। हर देशवासी का कर्तव्य है कि वह अपनी संस्कृति को सहेजे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे। मिश्र ने राजस्थान के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए महाराणा प्रताप, पन्नाधाय के साथ ही महलों और मंदिरों की भूमि बताते हुए कहा कि मरुधरा के तो कण-कण में कला और संस्कृति है। उन्होंने शिल्पग्राम उत्सव के आयोजन के लिए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता और उनकी टीम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और बधाई दी।

वे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय 'शिल्पग्राम उत्सव' में कला प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राज्यपाल मिश्र ने शिल्पग्राम के संगम सभागार में म्यूरल कला प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन किया। उन्होंने हाट बाजार भी देखा।

इससे पूर्व स्वागत संबोधन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने स्वागत भाषण में कहा कि कला-संस्कृति हमारी पहचान ही नहीं, देश की शक्ति भी है। हम सबका कर्तव्य है कि लोक संस्कृति से जन-जन को जोड़ें, साथ ही नए लोगों में भी इससे जुड़ाव पैदा करें।

बाद में राज्यपाल कलराज मिश्र, उदयपुर के महापौर जीएस टांक और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने दीप प्रज्वलन के बाद ढोल वादन कर उत्सव का विधिवत आगाज किया।



### व्यास और जडेजा को नवाजा



राज्यपाल ने इस अवसर पर 25 साल से अपने उत्कृष्ट लेखन से लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डॉ. राजेश कुमार व्यास और लोक नृत्य प्रस्तुतीकरण एवं नृत्य निर्देशन में चार दशकों से योगदान देने वाले जयेंद्र सिंह जाडेजा को पद्म भूषण डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान से नवाजा। प्रत्येक को 2.51 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## CM भजनलाल के प्रस्ताव का पायलट ने किया अनुमोदन

# देवनानी बने निर्विरोध स्पीकर

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के वरिष्ठ विधायक वासुदेव देवनानी गुरुवार को सर्वसम्मति से नवगठित राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवनानी को नवगठित 16वीं विधानसभा का अध्यक्ष निर्वाचित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने किया। सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर देवनानी को अध्यक्ष निर्वाचित किया।

देवनानी राजस्थान विधानसभा के 18वें अध्यक्ष हैं। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्होंने कहा कि वह सदन की मान-मर्यादा तथा परम्पराएं बनाए रखने के लिए सर्वदा प्रयासरत रहेंगे।



इससे पहले देवनानी को अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने के तीन और प्रस्ताव रखे गए। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी देवनानी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका अनुमोदन विधायक राजकुमार रोत ने किया। वहीं, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन विधायक चंद्रभान सिंह तथा विधायक हनुमान बेनीवाल के प्रस्ताव का अनुमोदन विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने किया।

## रेप पीड़िता की पुलिस अफसरों से गुहार

# 'साहब' मुझे भी न्याय दिला दीजिए आपके ही महकमे की मुलाजिम हूं

## जांच अधिकारी कार्रवाई के बजाय पीड़िता को बोल रहे हैं सहमति से संबंध बने, लगाएंगे एफआर

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** महिला के रेप की घटना के बाद उसके पुलिस महकमे के अफसर ही रजामंदी से बताते हुए उस पर एफआर लगाने की धमकी दे रहे हैं। 38 वर्षीय पीड़िता को अपने ही पुलिस महकमे से न्याय नहीं मिल रहा है। खास बात है कि महिला पुलिस उस सबसे बड़े भवन में कार्यरत है, जहां से अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून व्यवस्था बनाए जाने के प्लान बनाए जाने के साथ में आमजन की समस्याओं का अंतिम पड़ाव है। महिला कर्मी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को खुद पुलिस महकमा ही संरक्षण दे रहा है, जबकि पुलिस के आला अफसर महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के दावे करते हैं।

पड़ताल में सामने आया कि प्रकरण की सबसे पहले जांच तत्कालीन मुहाना थाना प्रभारी लखन सिंह खटाना, जयप्रकाश पूनिया ने की थी। इसके बाद में पीड़िता ने पुलिस मुख्यालय में निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई तो मामले की जांच इंस्पेक्टर ममता शार्दुल को सौंप दी। शार्दुल का तबादला होने के बाद मामले की जांच एडिशनल डीसीपी आदर्श चौधरी को दी गई, लेकिन उनका भी तबादला हो गया और अब मामले की जांच एडिशनल डीसीपी क्राइम रानू शर्मा कर रही हैं।

### हो चुके हैं 164 के बयान, फिर भी गिरफ्तारी नहीं

पड़ताल में सामने आया कि पीड़िता ने सन्नी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी गुरमीत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सात दिन बाद ही कोर्ट में धारा 164 के तहत बयान भी करा दिया, लेकिन इसके बाद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जबकि कोर्ट के बयान ही रेप के मामले में गिरफ्तारी तय कर देते हैं।



### यह था मामला

पीड़िता का आरोप था कि वह कोटा से ट्रेन से आ रही थी। ट्रेन में उसका गुरमीत से संपर्क हुआ था। कुछ दिनों बाद पीड़िता के घर पर आया और उसको मिठाई व कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे खिला दिया। जब पीड़िता होश में आई तो नग्न अवस्था में थी। आरोप है कि आरोपी सन्नी ने उसका वीडियो बना लिया और फिर ब्लैकमेल करके उसका यौन शोषण किया और हॉस्पिटल में अबॉर्शन भी कराया। इसके बाद भी आरोपी नहीं माना तो पीड़िता ने घटना के बारे में अपने पति को बताया और फिर थाने पर पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

> पीड़िता की फाइल मेरे पास आई है। बयान हो चुके हैं। तकनीकी साक्ष्यों को भी जुटाया जा रहा है। मोबाइल जांच के लिए भेजे हैं।
> - **रानू शर्मा,** एडिशनल डीसीपी क्राइम, कमिश्नरेट

> रेप केस में कोर्ट में हुए बयान गिरफ्तारी के आधार बन जाते हैं। पीड़िता का मेडिकल और उसके द्वारा उपलब्ध कराए गए चेट के आधार पर भी आरोपी की गिरफ्तारी तय है। - **सुनील वशिष्ठ, एडवोकेट**



## जरूरी खबर

### उपराष्ट्रपति की मिमिक्री संविधान का अपमान: गुर्जर



**जयपुर।** संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री मामले को लेकर विरोध जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने कहा कि जिस तरीके से उपराष्ट्रपति का मजाक बनाया गया, ये घोर निंदनीय है। राहुल गांधी द्वारा इस कृत्य का वीडियो बनाना संवैधानिक पदों के प्रति कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। गुर्जर ने कहा कि ये अपमान केवल किसी एक समुदाय का अपमान नहीं है अपितु यह संपूर्ण किसान वर्ग और राजस्थान का अपमान है। इसके लिए विपक्ष को उपराष्ट्रपति से माफ़ी मांगनी चाहिए। ऐसा नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### सांसदों के निलंबन के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**जयपुर।** विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित करने के फैसले के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को राज्यभर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि संसद में सुरक्षा चूक पर केंद्रीय गृहमंत्री का वक्तव्य मांगने पर विपक्ष के सांसदों को लोकतंत्र पर प्रहार करते हुए संसद से निलंबित का अलोकतांत्रिक निर्णय कांग्रेस की ओर से देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय किया गया है। इसको लेकर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देश दिए हैं। इसके तहत शुक्रवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

### सिरफिरे शख्स ने विधानसभा परिसर में फेंका जूता



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के बाहर गुरुवार को एक सिरफिरे शख्स ने जमकर हंगामा मचाया। ये शख्स ऑटो रिक्शा लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचा और अचानक उत्पात मचाने लगा। माहौल तब ज़्यादा गरमा गया जब इस सिरफिरे शख्स ने जनप्रतिनिधियों को लेकर आपत्तिजनक बातें कहीं और अचानक से अपना एक जूता उतारकर विधानसभा परिसर के अंदर फेंक दिया। सिरफिरे शख्स ने खुद का नाम मंगल बताया। इधर, इस शख्स को अचानक हंगामा करते देख विधानसभा के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे वहां से रवाना किया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

---

**विधानसभा में सत्र का दूसरा दिन: मालवीय और जगत सिंह को छोड़ सभी विधायकों ने शपथ ली**

# सांसदों के निलंबन पर कृपलानी के कमेंट पर कांग्रेस का हंगामा

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा में गुरुवार को सत्र के दूसरे दिन 6 विधायकों को शपथ दिलाई गई] जबकि नदबई से बीजेपी विधायक जगत सिंह और बागीदौरा से कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय विधानसभा नहीं पहुंचे। इनकों अगले सत्र में शपथ दिलाई जाएगी।

इससे पूर्व प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने वैर से बीजेपी विधायक बहादुर सिंह कोली, तिजारा से बीजेपी विधायक महंत बालकनाथ, बांदीकुई से बीजेपी विधायक भागचंद टाकड़ा, निम्बाहेड़ा से बीजेपी विधायक श्रीचंद कृपलानी, मसूदा से बीजेपी विधायक विरेंद्र सिंह और रायसिंह नगर से कांग्रेस विधायक सोहनलाल नायक को शपथ दिलाई थी।

6 विधायकों को शपथ दिलाने के बाद सदन की कार्रवाई 2:38 बजे से 3:30 बजे तक स्थगित की गई थी। इसके बाद फिर से सदन की कार्रवाई शुरू। विधायक जब शपथ ले रहे थे तभी कृपलानी के कमेंट से माहौल गरमा गया। कांग्रेस विधायक उनके बयान का विरोध जताने लगे और देखते ही देखते दोनों ओर से हंगामें की स्थिति बन गई।



### सांसदों के निलंबन को ठहराया था सही

विधानसभा में विधायकों की ओर से शपथ लेने के दौरान निम्बाहेड़ा से भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी के सांसदों के निलंबन से जुड़े कमेंट पर हंगामा हो गया। कृपलानी ने 20 दिसंबर को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर आपत्ति जताते हुए सांसदों के निलंबन को सही ठहराते हुए कमेंट शुरू कर दिए। इस पर कांग्रेस विधायक जुबेर खान सहित कई विधायकों ने आपत्ति जताई। इसके चलते कुछ देर के लिए सदन में हंगामे की स्थिति बन गई थी। बाद में प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने शपथ के अलावा बोले गए सभी शब्द कार्रवाई से हटाने के आदेश दिए, तब जाकर कांग्रेस विधायक शांत हुए।

### विपक्षी सासंदों का निलंबन दुर्भाग्यपूर्ण: गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संसद के मौजूदा सत्र के दौरान दोनों सदनों से बड़ी संख्या में विपक्षी सदस्यों के निलंबन को संसद के इतिहास में दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है। गहलोत ने गुरुवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, 'लोकसभा के निष्पक्ष संचालन की जिम्मेदारी अध्यक्ष महोदय की होती है। संसद की सुरक्षा में चूक के गंभीर मामले में अध्यक्ष यदि गृहमंत्री को सदन में बयान देने का निर्देश देते तो यह मामला ही खत्म हो जाता और इतना हंगामा नहीं होता।' उन्होंने आगे लिखा कि गंभीर मुद्दे पर केंद्र सरकार की ओर से बयान न आना एवं चर्चा की बजाय विपक्षी सांसदों को निलंबित करना संसद के इतिहास में दुर्भाग्यपूर्ण घटना के रूप में दर्ज हो गया है। उल्लेखनीय है कि विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित करने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस की राजस्थान इकाई शुक्रवार को राज्यभर में विरोध प्रदर्शन करेगी।

---

**प्रदेश में 1822 वन कर्मियों की हुई भर्ती, जयपुर जिले को मिले 108**

# नए वनकर्मियों की नियुक्ति से मजबूत होगी जंगलों की सुरक्षा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में वन संपदा की सुरक्षा अब और मजबूत हो सकेगी। पिछले दिनों वन विभाग में हुई नई भर्तियों के बाद प्रदेश के जंगलों के संरक्षण का कार्य सुलभ तरीके से हो सकेगा। दरअसल वन विभाग की ओर से वनपाल और वनरक्षकों के 1822 पदों पर नियुक्ति दी गई है।

इनमें वनरक्षक भर्ती 2020 के कुल 2646 पदों में से 1701 चयनितों को हाल ही में नियुक्ति देते हुए डिविजनों में लगाया गया है। इनमें 1283 नॉन टीएसपी और 418 टीएसपी क्षेत्रों के पद शामिल हैं। इसी तरह विधानसभा चुनाव से पहले वनपाल भर्ती 2020 के 121 चयनित वनपालों को भी नियुक्ति दी गई है। इसमें 79 नॉन टीएसपी और 42 टीएसपी क्षेत्रों के पद शामिल हैं।

इस तरह वन महकमें में इतने सारे पदों पर वनकर्मियों की नियुक्ति होने से वनों की सुरक्षा की कमी से जूझ रहे विभाग को अब राहत मिल सकेगी। वन क्षेत्रों की सुरक्षा का मेरुदंड माने जाने वाले इन दोनों पदों के भरने से वन संपदा के साथ वन्यजीवों की भी बेहतर सुरक्षा सुनिश्चत होगी। अब वन नाकों और वन क्षेत्रों के मुख्य पाइंटों पर वनकर्मियों की गश्त मजबूत हो सकेगी। इससे वन क्षेत्रों में होन वाली अवैध गतिविधियों पर लगाम कसेगी।



### सर्दियों में बढ़ जाती है पेड़ों की अवैध कटाई और वन्यजीवों का शिकार

सर्दी के समय ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ियों को ईंधन के रूप में काम लिया जाता है। इसके चलते पेड़ों की अवैध कटाई बढ़ जाती है। वहीं शिकारियों की ओर से वन्यजीवों को निशाना बनाने की वारदातें भी सामने आती रहती हैं। ऐसे में वनकर्मियों की नियुक्ति के बाद अब वन्य क्षेत्र में गश्त बढाई जा सकेगी। इससे पेड़ों की अवैध कटाई वन्यजीवों के शिकार व आगजनी जैसी गतिविधियों की रोकथाम हो सकेगी। इसके साथ ही नए कार्मिकों की नियुक्ति से अभ्यारण्य के संचालन में भी सुगमता मिल सकेगी।

### जयपुर को मिले 12 वनपाल व 96 वनरक्षक

वन विभाग की नई भर्ती से जयपुर जिले को 108 वन कर्मी उपलब्ध हुए हैं। इसमें 12 वनपाल व 96 वन रक्षकों की नियुक्ति की गई है। जयपुर में इन कार्मिकों की नियुक्ति होने से वन अभ्यारण्य और वनक्षेत्रों की सुरक्षा मजबूत हो सकेगी। वन विभाग अवैध कटाई करने वाले प्वाइंटों को चिह्नित कर वहां गश्त व्यवस्था मजबूत करेगा, जिससे जंगलों की माकूल सुरक्षा हो सकेगी। वन विभाग में भर्ती में चयनित इन अभ्यथियों को विभाग की ओर से वन सुरक्षा का आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें इन्हे वनसंपदा की सुरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। वनरक्षकों को तीन माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि वन पाल का 6 माह का प्रशिक्षण राजस्थान वानिकी एंव वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान में चल रहा है। हाल ही वन रक्षकों को तो सीधे ही ड्यूटी पर लगाया गया है। इन्हें प्रशिक्षण बाद में दिलवाया जाएगा।

### इन कार्यों पर रहेगा नए कार्मिकों का फोकस

- प्रतिबंधित और अन्य प्रयोजनों के लिए राज्य भूमि के उपयोग की निगरानी करना
- वनों की कटाई को रोकना
- खतरे में पड़े जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का संरक्षण करना
- वृक्ष चिह्निकरण करते हुए वन सूची का रख-रखाव करना
- वन सीमा चिह्नों की मरम्मत और नवीनीकरण करना
- आपातकालीन स्थितियों पर प्रतिक्रिया देना और खोज एवं बचाव अभियानों में भाग लेना
- रिपोर्ट संकलित करना और पूरा करना
- पेड़ों के बीज एकत्र करना और पेड़ों की पौध उठाना व रोपना

---

**कोर ग्रुप गठित**

# पेयजल से जुड़े कार्यों को चिह्नित करने के एसीएस ने दिए निर्देश



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में नए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा निर्देशों की पालना में पीएचईडी ने 100 दिवसीय विभागीय एक्शन प्लान एवं आगामी 25 वर्षों के लिए विजन तैयार करने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस क्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जल भवन में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इसमें सौ दिवसीय कार्ययोजना के तहत पेयजल से जुड़े कार्य चिह्नित करने के निर्देश दिए गए। इसमें जेजेएम के तहत एफएचटीसी के लक्ष्य हासिल करना, हर घर जल प्रमाणीकरण, हैंडपपों को सर्वे कर खराब हैंडपंपों की मरम्मत करना, शहरी जल प्रदाय योजनाओं को समय पर पूरा कर जलापूर्ति में सुधार एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल वितरण व्यवस्था में सुधार करते हुए अवैध जल कनेक्शन हटाने जैसे कार्य शामिल किए जाएंगे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। इसे क्रियान्वित करने के लिए एक निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा।

संकल्प घोषणा पत्र की घोषणाओं को अमल में लाने, सौ दिवसीय विभागीय एक्शन प्लान एवं विभाग के आगामी 25 साल के विजन को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में एक राज्य स्तरीय कोर ग्रुप गठित किया गया है।

इस कोर ग्रुप की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ग्रामीण) देवराज सोलंकी करेंगे। यह कोर ग्रुप विभिन्न मुख्य अभियंताओं के बीच समन्वय स्थापित करेगा।

---

**शिविरों से लोगों को जोड़ने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा क्विज में भागीदारी का आह्वान

बेधड़क | जयपुर

केंद्र साराकार की ओर से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगे शिविर में लोगों की कम उपस्थिति पर जयपुर जिला कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की है। गुरुवार को जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने हेरिटेज नगर निगम के सिविल लाइंस जोन में लगे शिविरों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शिविार में पंजीयन करान के लिए आए लोगों से बात की और व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। वहीं शिविर में आयोजित प्रश्नोत्तरी में लोगों की कम उपस्थिति पर निगम अधिकारियों लोगों को अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश भी दिए।



उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविरों मे प्रतिदिन उज्जवला योजना और दुर्घटना बीमा में 100 से अधिक पंजीयन कराने, 20-20 वीडियो मेरी कहानी-मेरी जुबानी के अपलोड कराने, आधार पंजीयन बढाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को शिविर चौमूं हाउस सर्कल और 22 गोदाम पर लगाया जाएगा।

---

## राजस्थानी अंदाज में स्वागत से देसी-विदेशी पावणे गदगद

*जयपुर। शाही ट्रेन 'पैलेस ऑन व्हील्स' गुरुवार को गुलाबी नगरी के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर अलसुबह पहुंची। इसमें गुलाबी नगरी पहुंचे पर्यटकों राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया तो पर्यटक गदगद हो उठे। बैंड-बाजे की स्वरलहरियों के बीच पावणों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद पर्यटक जयपुर के पर्यटन स्थलों को देखने के लिए रवाना हुए। ट्रेन में 3 देशों के 44 पर्यटक पहुंचे। इनमें 34 अमरीकी यात्रियों संग 6 भारतीय और 4 ऑस्ट्रेलियन यात्री शामिल हैं। ट्रेन के ट्यूर में जैसलमेर में 24 दिसंबर को क्रिसमस ईव सेलिब्रेशन और 25 दिसंबर को जोधपुर में क्रिसमस पर कार्यक्रम होगा।*



---

**प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव**

# दो संभागों में बारिश की संभावना, फतेहपुर सबसे ठंडा

### जयपुर में तीसरे दिन भी न्यूनतम तापमान@10° से कम

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मौसम के बदलते मिजाज ने सर्दी बढ़ने के संकेत दे दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो जाने से शुक्रवार को कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। इधर, गुरुवार को राजधानी जयपुर में लगातार तीसरे दिन न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तथा मौसम साफ रहा। इससे पहले बुधवार को दिनभर बादलों की आवाजाही रही, जिससे दिन का तापमान करीब 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 21.8 पर आ गया। प्रदेश के अन्य जिलों की बात करें तो फतेहपुर प्रदेश का सबसे ठंडा रहा। यहां गुरुवार को सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर में 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो बुधवार के मुकाबले करीब एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। गंगानगर, हनुमानगढ़ में भी सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक शुक्रवार से प्रदेश के मौसम में बदलाव आ सकता है। जोधपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में आसमान में बादल छा सकते है और कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। हनुमानगढ़ में न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, ये शहर का इस सीजन का सबसे कम तापमान है। इसी तरह गंगानगर में भी सीजन की सबसे सर्द रात रही, जहां का न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इधर, हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### आज कहीं बारिश तो कहीं छाएगा कोहरा

जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार शुक्रवार से एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ राज्य में एक्टिव होगा। इससे बीकानेर, जोधपुर संभाग के जिलों में आंशिक तौर पर बादल छा सकते हैं। वहीं शुक्रवार और शनिवार को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के हटने के बाद राजस्थान में 25 दिसंबर से सर्दी तेज होने लगेगी। संभावना है कि तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर सकता है। कई शहरों में दिन में सर्द हवाएं या गलन भरी सर्दी भी रह सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। गंगानगर, हनुमानगढ़ में 24-25 दिसंबर को घना कोहरा छाने की संभावना है।

---

**रेस्तरां वर्गीकरण को किया संशोधित**

# स्टैंड अलोन सभी रेस्तरां होंगे हरित श्रेणी में शामिल

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में रेस्तरां जैसे सेवा क्षेत्र में इकाइयों को सुविधाजनक संचालन करने को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऐसे क्षेत्र में न्यूनतम प्रदूषण भार को देखते हुए राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा रेस्तरां (स्टैंडअलोन) की श्रेणी को संशोधित किया गया है। मुख्य पर्यावरण अभियंता प्रेमा लाल द्वारा जारी आदेशानुसार रेस्तरां (स्टैंडअलोन) की श्रेणी वर्गीकरण में संशोधन के तहत सभी स्टैंड अलोन रेस्तरां को अब हरित श्रेणी में शामिल किया है। जबकि पहले 25 सीट से अधिक वाले रेस्तरां नारंगी श्रेणी में थे। वहीं 25 सीट से कम वाले रेस्तरां हरित श्रेणी के तहत आते थे।

अब इस निर्णय से 5 करोड़ से अधिक पूंजी निवेश वाले रेस्तरां (स्टैंडअलोन) को अब 15 साल की अवधि के लिए मंडल से एक बार संमति दी जाएगी। इस संशोधन से राज्य में रेस्टोरेंट सेवा क्षेत्र में ईज ऑफ़ डूइंग बिसनेस के तहत प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि हरित क्षेणी में शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण मंडल तहत नियमों में भी शिथिलता मिलेगी।

**जरूरी खबर**

### साढ़े तीन बीघा पर बनी अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन एक में सुओमोटो के तहत मालवीय नगर जवाहर सर्किल के पास रोड सीमा, जोन आठ में सुओमोटो के तहत श्योपुर में बम्बाला पुलिया के पास, कन्या महाविद्यालय को आवंटित भूमि, रोड सीमा को कब्जा मुक्त करवाया गया। वहीं जोन 11 के कलवाड़ा में दो बीघा मंदिर माफी की भूमि पर बन रही अवैध कॉलोनी और निजी खातेदारी करीब 1.5 बीघा पर अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में जोन एक के मालवीय नगर ईएचसीसी हॉस्पिटल जवाहर सर्किल के पास रोड सीमा में ही दोनों तरफ करीब 20 स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया है। वहीं, जोन आठ के बम्बाला पुलिया के पास श्योपुर में खसरा नं. 118, 119 कन्या महाविद्यालय को आवंटित भूमि पर किए गए अतिक्रमण अतिक्रमणों को ध्वस्त किया।

### निगम ने हटाया अतिक्रमण, 5 ट्रक सामान जब्त



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर जयपुर शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं, जिससे जयपुर को स्वच्छता की श्रेणी में अग्रणी स्थान पर लाया जा सके। इसी कड़ी में सर्तकता शाखा ने गुरुवार को उपायुक्त सर्तकता एस के मेहरानियां के निर्देशन में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इसमें शाखा ने मय पुलिस जाप्ता के गुर्जर की थड़ी, बगड़िया भवन, भगवान दास रोड, पांच बत्ती राजमंदिर के सामने कार्रवाई कर 5 ट्रक सामान जब्त किया है।

**राजधानी में कोरोना ने दी दस्तक:** चिकित्सा विभाग सतर्क, 183 सैंपल लिए

## जयपुर में कोविड के तीन मरीज मिले, एडवाइजरी जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में गुरुवार को कोरोना संक्रमित तीन मरीज मिलने के बाद चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। विभाग ने सैंपलिंग बढ़ानी शुरू कर दी है।

प्रदेश में गुरुवार को 465, जबकि जयपुर जिले में 183 कोरोना के सैंपल लिए गए। चिकित्सा विभाग ने फील्ड में अपने कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने को निर्देश दिए हैं। 26 दिसंबर को होने वाली मॉकड्रिल को लेकर चिकित्सा संसाधनों ऑक्सीजन व दवाइयां आदि के पूरे इंतजाम के लिए चिकित्सा अधिकारी जुट गए हैं। इधर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशों की पालना में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 एवं श्वसन रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के लिए एडवाजरी भी जारी की है।



### कम संक्रमण वाला हो रहा है प्रतीत

एडवाइजरी के अनुसार विशेषज्ञों की राय में प्रथम दृष्टया यह अपेक्षाकृत कम संक्रमण वाला प्रतीत होता है। एडवाइजरी के अनुसार चिकित्सक के परीक्षण उपरांत रोगियों में सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब के लक्षण की स्थिति में होम आइसोलेशन एवं इन लक्षणों के गंभीर या लम्बी अवधि होने की स्थिति में तथा ज्यादा संक्रमण पर अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी जाती है।

### मरीज यहां किए गए चिह्नित

प्रदेश में गुरुवार को सामने आए मरीजों में एक एसएमएस अस्पताल, दूसरा जेके लॉन और तीसरा टीबी हॉस्पिटल में चिह्नित किया गया है। इन संक्रमितों में से एक झुंझुनूं तथा दूसरा भरतपुर व तीसरा दौसा का रहने वाला बताया जा रहा है। इससे पहले जैसलमेर में भी बुधवार को 2 मरीज कोरोना संक्रमित पाए गए थे। इस तरह प्रदेश में 5 कोरोना मरीजों का इलाज जारी है। वहीं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस बारे में एक एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को बचाव के उपाय बताए हैं।

### 20 सेकंड तक साबुन से धोएं हाथ

संक्रमण के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक की सलाह अनुसार कोविड-19 की जांच व उपचार समय रहते लिया जाना चाहिए। एडवाइजरी के मुताबिक संक्रमित रोगियों, जिन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब की तकलीफ है, उन्हें दूसरे लोगों से दूरी बनानी चाहिए और मास्क का उपयोग करना चाहिए। हाथों को आवश्यकतानुसार साबुन से 20 सैकंड तक धोना चाहिए या सेनेटाइजर का उपयोग करना चाहिए।

### RUHS में पूरी हैं तैयारियां

कोरोना की पिछली लहर में काम लिए गए आरयूएचएस अस्पताल में इस बार भी कोरोना मरीजों का इलाज किया जा सकता है। इसको लेकर आरयूएचएस अस्पताल में तैयारियां पूरी की गई है। आरयूएचएस में बेड की संख्या से लेकर ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाइयां की आपूर्ति जैसी सभी जरूरी चीजों की पूर्ति कर ली गई है।

**स्मार्ट सिटी:** नए साल पर मिलेगी बालिका कॉलेज की सौगात

## परकोटे में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा कायापलट

**बेधड़क** | जयपुर

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नए साल पर चारदीवारी में रहने वालों को शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर अच्छी सौगात मिलने जा रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना में दरबार स्कूल के पास बालिका कॉलेज और गणगौरी बाजार स्थित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिनका करीब 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। ऐसे में स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने दावा किया है कि नए साल की शुरुआत में लोगों को ये सौगातें दे दी जाएंगी। हालांकि, इन कामों को पूरा करने के लिए सरकार से जून-2024 तक का समय मिला हुआ है। वहीं, चौगान स्टेडियम में स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बनाने का काम चल रहा है, जिसे भी तय समय से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।

### ये कार्य प्रगति पर

- रामनिवास अंडरग्राउंड पार्किंग प्रोजेक्ट, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल गणगौरी बाजार का काम, निगम हेरिटेज में दो सोलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन का काम 100 MT, किशनपोल बाजार में गर्मेंट गर्ल्स कॉलेज का काम, जलमहल की पाल पर साइकिल ट्रेक का काम

■ 100 करोड़ का काम बाकी, अधिकारियों का दावा समय पूर्व कर देंगे पूरा



### प्रोजेक्ट पर खर्च हो चुके हैं 900 करोड़

स्मार्ट सिटी परियोजना में 1000 करोड़ में से 900 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। इनमें केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से बकाया राशि भी आ चुकी है। इन 1000 हजार करोड़ रुपए में 113 प्रोजेक्ट पूरे किए जा चुके हैं। वहीं, बचे प्रोजेक्टों में काम जारी है। इसके लिए अधिकारी लगातार मॉनिटिरिंग कर रहे हैं। 100 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में तीन बड़े प्रोजेक्ट हैं, बाकी छोटे प्रोजेक्ट हैं। अधिकारियों ने बताया कि काम से हिसाब से राशि का वहन किया जा रहा है। जैसे-जैसे कार्य पूरे होते जा रहे हैं, पैसा खर्च किया जा रहा है।

### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पानी भरने से रोका काम

स्मार्ट सिटी योजना के तहत चौगान स्टेडियम में बन रहे निर्माणाधीन स्पोर्ट् र्स कॉम्पलेक्स की नींव में पानी आने से कार्य को रोक दिया गया है। स्मार्ट सिटी के सीईओ ने बताया कि अंडरग्राउण्ड स्पोर्ट् र्स कॉम्पलेक्स का निर्माण उनके कार्यकाल से पहले हो गया था। पास ही स्थित तालकटोरा के पानी आने की शिकायत मिली है। इस पर काम रुकवा कर इंजीनियरों को समाधान करने के निर्देश दिए हैं।



“ हमारी पूरी कोशिश है कि समय से पहले आमजन को ये सौगातें दी जाएं, जिसमें बालिका कॉलेज का निर्माण और गणगौरी अस्पताल को अपग्रेड किया है। इसके लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रोजेक्ट के सभी बाकी काम जल्द पूरे किए जाएं।

**राजेन्द्र सिंह शेखावत,** सीईओ स्मार्ट सिटी परियोजना

**मिठाई की दुकान का मामला**

## कार्रवाई नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप




**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम के झोटवाड़ा जोन में गुरुवार को कार्रवाई नहीं करने के बदले निगम टीम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। ग्रेटर निगम की ओर से राजस्व शाखा कालवाड़ रोड पर एक मिठाई की दुकान पर कार्रवाई करने पहुंची थी। ऐसे में दुकान दार ने आरेप लगाया है कि टीम के कर्मचारियों ने दुकान की सम्पति कुर्क नहीं करने के एवज में रिश्वत मांग ली।

इस पर स्थानीय दुकानदार और निगम कर्मियों के बीच विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर स्थानीय पार्षद विकास बारेठ और विधायक बाल मुकुंदाचार्य भी पहुंच गए। दोनों ने निगम टीम को वहां से रवाना कर मामले को शांत कराया। वहीं, राजस्व शाखा के अधिकारियों ने बताया कि दुकानदार ने रिश्वत का आरोप गलत लगाया है। जिस दुकान पर टीम कार्रवाई करने पहुंची थी, उस पर 2.80 लाख रुपए का नगरीय विकास कर बकाया चला रहा है। दुकानदार को दो बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन मालिक की ओर से कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं करवाई गई। इसके बाद जब निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची तो दुकानदार ने क्षेत्रीय पार्षद विकास बारेठ को बुला लिया। वहीं, पार्षद विकास बारेठ का कहना है कि नगरीय विकास कर वसूली के नाम पर मनमानी की जा रही है।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।



**नए साल पर तीन दिन के लिए बदलेगा दर्शन का समय**

## द्वादशी पर ठाकुरजी को पहनाएंगे गर्म कपड़े

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में सर्दी में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में शहर के आराध्य देव भगवान गोविंददेवजी को भी उत्सव व्यंजन द्वादशी पर गर्म कपड़े पहनाए जाएंगे। वहीं, शीत लहर से बचाने के लिए भगवान के 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

इसमें भगवान को सर्दी के मौसम में आने वाली कई हरी सब्जियों और केसर से बनी खीर का प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा। साथ ही मंदिर की ओर से नए साल पर तीन दिनों के लिए दर्शन के समय में भी बदलाव किया गया है। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया कि रविवार को उत्सव व्यंजन द्वादशी झांकी सजाई जाएगी, जिसके दर्शन दोपहर 12 बजे से साढ़े 12 बजे तक हो सकेंगे। इस दिन सुबह होने वाला राजभोग झांकी के दर्शन नहीं हो सकेंगे। बाकी सभी झांकियों के दर्शन अपने समय पर होंगे। ठाकुरजी को पीली केसरिया द्वादशी और अंगरखी पोशाक धारण कराई जाएगी। इसके साथ ही ठाकुर जी का विशेष अलंकार श्रृंगार भी किया जाएगा। इस दिन ठाकुरजी को सर्दी से बचाने के लिए मौजे, हाथों में दस्ताने, गुलीबंद -मफलर पहनाना शुरू हो जाएगा। ठाकुरजी के आगे अंगीठी सेवा भी शुरू की जाएगी।



### लापरवाही से सड़क पर बहा अमृत




फोटो: राजेश कुमावत

*जयपुर। मानसरोवर इलाके में ग्रेटर नगर निगम की ओर से मकानों के बाहर टाइल्स लगाई जा रही है। ऐसे में खुदाई करते समय पानी लाइन टूट गई, जिससे सड़क पर पानी बहने लग गया। वहीं, स्थानीय निवासियों ने बताया कि लाइन टूटने की विभाग को शिकायत दे दी थी, फिर भी अभी तक इसे दुरूस्त करने कोई नहीं आया है। जिम्मेदार लोगों ने कोई सुध नहीं ली, जबकि स्थानीय पार्षद पारस जैन का मकान पास में ही है।*

**रैन बसेरे के बाहर सफाई नहीं होने से नाराज हुई महापौर**

## औचक निरीक्षण: वार्ड 36 के सीएसआई और एसआई को दिया नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर

कड़ाके की सर्दी में आमजन को राहत देने के लिए बनाए गए रैन बसेरों में कैसी सुविधा मिल रही है। इसके हालात गुरुवार को महापौर के सामने आए। दरअसल गुरुवार रात हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने हेरिटेज निगम क्षेत्र में बने रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खासा कोठी फ्लाईओवर के नीचे बने रैन बसेरे का निरीक्षण किया और रैन बसेरे में रुके जरूरतमंदों को कंबल बांटे।

औचक निरीक्षण करने निकली हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने इस दौरे की जानकारी अधिकारियों के साथ साझा नहीं की। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि असलियत में वहां की स्थिति सामने आ सके। ऐसे में जब वे रैन बसेरे में पहुंची तो निगमकर्मी दोड़ते हुए आए। वहीं, महापौर को जब रैन बसेरे के बाहर गंदगी और कचरा दिखा तो वे नाराज हुई। साफ सफाई नहीं होने पर उन्होंने वार्ड 36 के सीएसआई और एस आई को सफाई मे कोताही पर नोटिस देने के निर्देश दिए।



### जिम्मेदार कर्मी होंगे सस्पेंड

इस दौरान उन्होंने कहा कि वे इस तरह का औचक निरीक्षण आगे भी करेंगी और यदि आगे सफाई में कोताही बरती गई तो जिम्मेदार कर्मी को सस्पेंड कर दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गुर्जर ने रैन बसेरे के अन्दर रुके लोगों से बात कर पूछा कि वे कहां से और किस काम से जयपुर आए हैं। साथ ही निगम की ओर से रैन बसेरे में मिल रही सुविधाओं के बारे में भी पूछा। साथ ही ठहरने की एवज में निगमकर्मी द्वारा कोई शुल्क वसुलने की भी पूछी।

### अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के निर्देश

वहीं, महापौर गुर्जर ने रैन बसेरे के पीछे अस्थाई थड़ियों को हटाने के सतर्कता शाखा को मौके से ही निर्देश भिजवाए और सतर्कता शाखा के अधिकारियों को रैन बसेरे के पास नोन वैंडिंग जोन में थड़ी ठेले हटाने के निर्देश दिए।

### अन्य आईडी से भी रुक सकेंगे लोग

रैन बसेरे के पीछे कुछ लोग अपने कपड़ो में लिपटे फ्लाई ओवर के नीचे सोने की तैयारी कर रहे थे। इस पर मुनेश गुर्जर ने उनसे कहा कि वे रैन बसेरे में जाकर रुकें, तो लोगों ने उन्हें बताया कि उनके पास आधार आईडी नहीं है। महापौर ने अधिशाषी अभियंता मुख्यालय सुबोध को निर्देश दिए कि वे आधार के अलावा अन्य आईडी से भी रुकने की अनुमति का विकल्प खोजें। साथ ही रैन बसेरों में किसी जरूरतमंद का सामान चोरी न हो, इसके लिए उन्होंने अधिशाषी अभियंता मुख्यालय को रैन बसेरों के प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए और आईडी न होने पर पास के थाने के माध्यम से तस्दीक करवाने के लिए थानाधिकारी और पुलिस आयुक्त को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### नागदी बांध में गिरा सीमेंट से भरा ट्रेलर, चालक की मौत



**भीलवाड़ा।** जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें सीमेंट से भरा ट्रेलर अनियंत्रित होकर नागदी बांध में गिर गया। हादसे में ट्रेलर चालक की दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची जहाजपुर थाना पुलिस ने क्रेन को मौके पर बुलाया। स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर में फंसे ड्राइवर के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। हादसा जहाजपुर थाना क्षेत्र के नागदी बांध सगस बाबा मोड पर बुधवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान खाना पिता बंशी बारेठ के रूप में हुई।

### लेनदेन को लेकर दोस्त को मारा चाकू, हालत नाजुक

**अजमेर।** जिले के क्रिश्चयन गंज थाना क्षेत्र में पैसों के लेन देन को लेकर एक व्यक्ति ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। घायल का जेएलएन अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञान विहार निवासी नंद कुमार ने बताया कि उसका बेटा मनोज टेकचंदानी बंजारा बस्ती कोटड़ा में अपनी कंप्यूटर शॉप पर बेटा था। इस दौरान वीरेंद्र बहल आया और कहासुनी करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस आरोपी वीरेंद्र से पूछताछ कर रही है।

### संत चंपालाल महाराज को सुरक्षा देने की उठाई मांग



**अजमेर।** राजगढ़ भैरव धाम के उपासक चंपालाल महाराज को मिली धमकी के बाद लगातार सुरक्षा देने की मांग उठ रही है। गुरुवार को सर्व समाज ने मौन जुलूस निकालकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और जल्द ही संत को सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की। हिंदूवादी नेता शशिप्रकाश इंदौरिया ने बताया कि भैरव धाम के उपासक चंपालाल महाराज लगातार नशा मुक्ति के साथ ही सामाजिक सरोकारों के काम कर रहे हैं। कई असामाजिक तत्व उनसे द्वेषता रखते हैं। इसी के चलते जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिससे सभी भक्तों में गहरा रोष है। मौन जुलूस में सर्वसमाज के लोग शामिल हुए।

## जोधपुर के दो भाइयों की करामात: भांग के पौधे से निकलने वाले रेशे से बनाया ऑर्गेनिक, केमिकल रहित फैब्रिक

# भांग से कपड़ा बनाया...चीन की सेना में भी होता है प्रयोग

### सर्दी में गर्म और गर्मी में रहता है ठंडा

बेधड़क | जोधपुर

आमतौर पर भांग को मादक पदार्थ के रूप में जाना जाता है। भगवान महादेव की पूजा में भी इसका बड़ा महत्व है। वहीं अब भांग का एक अनूठा उपयोग भी सामने आया है। इसको लेकर जोधपुर के दो भाइयों ने अजब करामात कर दिखाई है।

दोनों भाइयों ने भांग से कपड़े का निर्माण कर दिया जो कि अब अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। भांग के पौधे से निकलने वाले रेशे से बने पकड़े की देश-विदेश में खासी डिमांड है। वहीं चीन की सेना में इस पकड़े का उपयोग होता है। जोधपुर निवासी दो भाइयों ने बतौर स्टार्टअप भांग के पेड़ से बने कपड़े लॉन्च किए हैं।

यह शुरुआत करने वाले राहुल सुथार और सुनील सुथार ने बताया कि भांग के पौधे के तने से निकलने वाले रेशे से बने धागे से यह कपड़ा बनता है। इसका निर्माण उत्तराखंड में होता है। सुनील का दावा है कि यह कपड़ा पूरी तरह से ऑर्गेनिक, केमिकल रहित और एंटी बैक्टीरियल होता है। हर धुलाई से इसकी सॉफ्टनेस बढ़ती है। ये कपड़ा 800 रुपए मीटर बिकता है। जोधपुर में चल रहे पोलो सीजन में हेमरिक्स के नाम से लॉन्च किया गया कपड़ा ऑनलाइन भी उपलब्ध है।




### कपड़ा बनाने में कम खर्च होता है पानी

आमतौर पर बनने वाले कॉटन और अन्य कपड़े को तैयार करने में बहुत मात्रा में पानी लगता है। सुनील ने बताया कि कॉटन की खेती से लेकर उसके कपड़े से शर्ट बनने में 2600 लीटर पानी लगता है। भांग की खेती में पानी भी कम लगता है और इसके धागे से बने कपड़े की प्रोसेसिंग में अन्य कपड़ों के मुकाबले दस फ़ीसदी ही पानी खर्च होता है।

### मौसम के अनुरूप बदलती है तासीर

भांग के रेशे से बने इस कपड़े की खासीयत यह भी है कि मौसम के अनुसार इसकी तासीर भी बदल जाती है। यह कपड़ा गर्मी में ठंडा और सर्दी में गर्म अहसास करवाता हैद्ध यही वजह है कि चीन की सेना में भी इस कपड़े का प्रयोग होता है। भारत में इसका चलन अब शुरू हो रहा है। कलरफुल फैब्रिक्स के अलावा इसके टॉवल, चटाई भी बनाए जाते है।

### उत्तराखंड में भांग उत्पादन की अनुमति


उत्तराखंड राज्य में भांग की खेती करने के लिए सरकारी अनुमति दी गई है। ऐसे में वहां पर इसकी फसल भी बहुतायत होती है। भांग के पेड़ के तने से निकलने वाले रेशे से धागा बनता है, जिसे बाद में प्रक्रिया कर कपड़ा बना दिया जाता है। उत्तराखंड में कई संस्थाएं इस पर काम कर रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार भी बढ़ रहा है। अनेक ग्रामीण इस कार्य से जुड़े हुए हैं।

## पद्मश्री सुमित्रा गुहा की संगीतमय प्रस्तुति 'वीर मीरां' ने किया मंत्रमुग्ध

# उकेरे मीरां के नारी को जगाने वाले अव्यक्त भाव



नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी ने कथक में उम्दा भावभंगिमा से मीरां के भावों को किया जीवंत



बेधड़क | उदयपुर

शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर जब पद्मश्री सुमित्रा गुहा के साथ उनकी शिष्या डॉ. सामिया मेहबूब अहमद और शिंजनी कुलकर्णी की गीत-संगीत और कथक की संगत हुई तो तमाम सामयीन मंत्रमुग्ध हो गए।

इस हृदय को झंकृत कर देने वाली प्रस्तुति 'वीर मीरा' में मीराबाई के उन भावों को व्यक्त किया गया, जो अव्यक्त थे। अलबत्ता, मीरां ने उनके निश्छल कृष्ण प्रेम और विवाहोपरांत भी निर्भय होकर कृष्ण भक्ति में नारी सशक्तीकरण का जो अप्रत्यक्ष संदेश महिलाओं को दिया, उसने सभी को उनके वैचारिक स्वातंत्र्य से वाकिफ करवाया। उनको इसीलिए 'वीर मीरां' के बनारस घराने के लेखक, संगीतज्ञ और प्रसिद्ध तबला वादक पं. विजयशंकर मिश्रा ने 'वीर योद्धा' आंका है।

इस प्रस्तुति को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के दस दिवसीय 'शिल्पग्राम उत्सव' में गुरुवार को पहले दिन पेश की गई महिलाओं को सबल बनने का संदेश देने वाली इस एक संगीतमय प्रस्तुति को पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कृत सुमित्रा गुहा ने गढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में चार दशक से अधिक का समय समर्पित कर चुकीं गुहा ने इसे अपने सधे सुरों और निर्देशन से पिरोया और उनका सहयोग यूएसए की मान्यता प्राप्त आर्टिस्ट डॉ. सामिया महबूब अहमद ने किया। इस पर कथक गुरु बिरजू महाराज की पौत्री शिंजिनी कुलकर्णी ने मनमोहक कथक की प्रस्तुति दी। देश-विदेश में प्रसिद्ध क्लासिकल सिंगर सुमित्रा गुहा कहती हैं, 'इस पेशकश में मीराबाई की योद्धा भावना को उकेरा गया है, किस तरह से वे 16वीं सदी की पितृसत्तात्मक समाज से डटकर सामने खड़ी रहीं और अपनी भक्ति पर अडिग रहीं। वे वाकई मजबूत नारीवादी थीं। यह उनका समाज, खासकर महिलाओं के प्रति भक्ति से अधिक योगदान था। वे आज भी संपूर्ण नारीजाति के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं।'

### संगीत संयोजन में इनका रहा सहयोग

सुमित्रा गुहा के साथ तबले पर सुमन चटर्जी, बांसुरी पर किरण कुमार, तालवादी अनुरोध जैन और की-बोर्ड पर विकास कुमार ने संगीत दिया। गुहा की सहयोगी डॉ. सामिया मेहबूब अहमद ने 'जागो नारी जागो' और हितार्थ चटर्जी ने तुलसीदास का भजन गाया। प्रकाश और ध्वनि संयोजन दिव्यांग श्रीवास्तव ने किया।



## प्रधानमंत्री मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विजन के तहत हुई शानदार प्रस्तुति

# लोक झंकार पर झंकृत हुए कला प्रेमियों के दिल

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विजन के तहत आयोजित 'शिल्पग्राम उत्सव' की पहली सांस्कृतिक पेशकश 'लोक झंकार' ने संस्कृति के ऐसे खूबसूरत रंग बिखेरे कि मौजूद तमाम कला प्रेमियों के दिल झंकृत हो गए और वे झूमने लगे। इसमें देशभर के विभिन्न लोकनृत्यों की एक के बाद एक ऐसी शानदार प्रस्तुति दी गई कि दर्शक एक की तारीफ में तालियां बजाते कि दूसरा मनमोहक डांस शुरू हो जाता। इस झंकार को देश की प्रसिद्ध लोक नर्तकी और लोक नृत्य निर्देशक मैत्रेयी पहाड़ी ने डांसर्स से सुपीरियर परफोरमेंस करवा अलग ही ऊंचाइयां प्रदान कीं।

### देशभर के लोक नृत्यों का संगम

इस सुपर लोक झंकार के दौरान मणिपुरी म्यूजिकल पुंग ढोल चोलम, राजस्थानी चरी, छत्तीसगढ़ के ककसार, गोवा के देखनी, ओडिशा के गोटीपुआ, गुजरात के जेठवा, पश्चिम बंगाल के नटवा, महाराष्ट्र के सोंगी मुखोटा, झारखंड के पाइका, पश्चिम बंगाल के पुरलिया छाऊ, कर्नाटक के ढोलू कुनिथा, दमन के माची, गुजरात के राठवा, राजस्थानी कालबेलिया, पंजाब के भांगड़ा, गुजरात के सिद्धि धमाल नृत्यों ने दर्शकों को झूमने को विवश कर दिया।

## दो गंभीर घायल जयपुर रेफर

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को रौंदा, पिता-पुत्र की मौत

बेधड़क | अलवर

जिले के राजगढ़ थाना इलाके के ढिगावड़ा मोड पर गुरुवार को तेज रफ्तार क्रेटा कार ने कोहराम मचा दिया। विपरीत दिशा में दौड़ रही तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को रौंद दिया। इसके चलते एक बाइक पर सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई वहीं दूसरी बाइक पर सवार पिता-पुत्र गंभीर घायल हो गए।

राजगढ़ थाने के हेड कांस्टेबल रमेश ने बताया कि राजगढ़ इलाके के ढिगावड़ा गांव के दुर्गा फिलिंग स्टेशन के पास एक क्रेटा कार ने दो बाइक को विपरीत दिशा में आकर टक्कर मार दी। कार अलवर की तरफ से मेगा हाईवे की ओर जा रही थी। जबकि दोनों बाइक सवार राजगढ़ की तरफ आ रहे थे। इस दौरान पेट्रोल पंप के पास हादसा हुआ। हादसे के बाद चालक कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। हादसे में एक बाइक पर सवार जीरावली गांव अलवर के देवीसहाय (52) और उनके बेटे सुभाष (24) की मौके पर ही मौत हो गई।



### 2 महीने बाद होनी थी सुभाष की शादी

हादसे में देवी सहाय और उनके बेटे सुभाष की मौत हो गई। तीन भाइयों में सुभाष सबसे छोटा था। 2 महीने बाद ही 21 फरवरी को सुभाष की शादी होनी थी। खुशियां आने से पहले ही घर में मातम छा गया। एक साथ पिता-पुत्र की अर्थी उठी तो पूरे गांव में शोक छा गया। सुभाष मोदी चेयर कंपनी में काम करता था। जबकि एक भाई रेलवे में है तो दूसरा भाई ठेकेदारी का काम करता है। सुभाष जीरावली गांव से पिता के साथ अलवर आ रहा था।

दूसरी बाइक पर सवार खुशीराम (35) और उसके पिता प्यारे सिंह घायल हो गए। पुलिस ने कार को जब्त कर चालक की तलाश शुरु कर दिया।

## फिर निकला सेक्सटॉर्शन का जिन्न

# पूर्व MLA सहित नौ लोगों पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

बेधड़क | जोधपुर

करीब एक साल पहले बाड़मेर में सामने आए सेक्सटॉर्शन मामले का जिन्न सरकार बदलने के साथ ही फिर से बाहर आ गया है। इसमें एक तत्कालीन विधायक का नाम भी सामने आया था, जिसके बाद ये केस काफी चर्चित हुआ था। इस मामले में दो महिलाओं सहित कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार भी किया था। इस बीच अब सरकार बदलते ही सेक्सटॉर्शन की आरोपी महिला ने अब राजीव गांधी नगर थाने में पूर्व विधायक सहित 9 लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में महिला और नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप लगाए गए हैं। डीसीपी पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि महिला ने जो रिपोर्ट दी थी उसके अनुरूप मामला दर्ज किया गया है। इसमें 9 आरोपियों के नाम हैं। दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराएं जोड़ी गई हैं। पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पांच वर्ष पहले एक आरोपी उससे मिला था। उसने उसे नशीली दवा पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दो साल पहले पूर्व विधायक भी उसके घर आने लगे।

## 12वीं के छात्र की आंसर शीट वायरल

# भारत-पाक की सीमा का नाम बताया 'सीमा हैदर'

बेधड़क | धौलपुर

पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर और सचिन मीणा की लव स्टोरी पिछले कई महीने से लगातार सुर्खियां बंटोर रही है। सीमा हैदर आए दिन किसी ना किसी कारण से सोशल मीडिया पर चर्चाओं में छाई रहती है। इस बार सीमा हैदर के चर्चा में आने का कारण एक एग्जाम पेपर में छात्र द्वारा दिया गया जवाब है। छात्र ने सवाल का कुछ ऐसा जवाब दिया कि उसकी एग्जाम की आंसर शीट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गई। जानकारी के अनुसार मामला धौलपुर जिले का है। यहां एक सरकारी स्कूल में राजनीति विज्ञान के पेपर में सवाल पूछा गया था कि



भारत-पाकिस्तान के बीच कौन सी सीमा है और उसकी लंबाई कितनी है? एक छात्र ने इसके जवाब में लिखा-दोनों देशों के बीच सीमा हैदर है, उसकी लंबाई पांच फीट और छह इंच है। दोनों देशों के बीच इसको लेकर लड़ाई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही छात्र की आंसर शीट बसेड़ी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागथर की बताई जा रही है।

## किरोड़ी बोले-राहुल के दिल में रोम, हमारे दिल में राम

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करना लोकतंत्र के साथ क्रूरता

बेधड़क | दौसा

कांग्रेस नेता की ओर से उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सवाई माधोपुर विधायक किरोड़ी लाल मीना ने इसको लेकर कांग्रेस नेता सहित राहुल व सोनिया गांधी पर निशाना साधा है।

किरोड़ी लाल ने कहा कि उनके दिल में रोम है और हमारे दिल में राम है। आज देशभर में राम नाम की लहर चल रही है। इस बीच उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतेगी। इसके साथ ही विधायक ने उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ की मिमिक्री मामले को लेकर कहा कि यह लोकतंत्र के साथ क्रूरता है। उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक पद है और विपक्ष के नेताओं ने पूरे देश के साथ यह मजाक किया है।

हैरानी की बात है कि इस घटना का कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद वीडियो बना रहे थे। दौसा में मीडिया से बात करते हुए किरोड़ी ने कहा कि उपराष्ट्रपति किसान पुत्र हैं, ऐसे में यह देश के किसानों और ओबीसी वर्ग का अपमान है। राहुल गांधी और उनके एलायंस को देश से माफी मांगनी चाहिए। आने वाले समय में देश की जनता इस अपमान का कांग्रेस और उनके एलायंस से बदला लेगी।



### राम मंदिर को लेकर देशभर में उत्साह

विपक्ष पर निशाना साधते हुए किरोड़ी ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में पूरा देश शामिल होगा और जिनके मन में रोम है वह शामिल होंगे या नहीं होंगे, अगर वह जाते हैं तो बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे तन-मन में राम बसे हैं और अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश की जनता में भारी उत्साह है। यह उत्साह 2024 में भाजपा की जीत का भी आगाज है।

### पार्टी से जो भी जिम्मेदारी मिली उसे बखूबी निभाया

पार्टी की ओर से कोई पद न देने के सवाल पर विधायक किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि मैं भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं। मैं कार्यकर्ता की हैसियत से जनता की सेवा करता आया हूं और करता रहूंगा। पार्टी मुझे क्या देती है क्या नहीं, वह अलग बात है। अब तक पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी मैंने उसे बखूबी निभाया है। वहीं पिछले 5 साल में जनता के लिए जो आंदोलन किए उनमें पार्टी का मुझे पूरा सहयोग मिला। विधानसभा चुनाव में विरोधियों के सक्रिय होने के सवाल पर किरोड़ी ने कहा कि जब जनता साथ खड़ी होती है तो विरोधी कुछ भी कर लें, जनता का प्यार और समर्थन विजय दिलाता है। मुझे जनता ने चुनाव लड़ाया था और जनता मेरे साथ खड़ी थी।

### कानोड़िया गर्ल्स कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने मनाया वार्षिक उत्सव 'सागा-23'

# कॉलेज स्टूडेंट्स ने प्रतियोगिताओं में दिखाए प्रतिभा के रंग

बेधड़क | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से आयोजित 5वें वार्षिक साहित्य महोत्सव 'सागा-23' का गुरुवार को समापन हुआ।

'साइंस फिक्शन' थीम पर आयोजित समारोह में दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इंटर कॉलेज क्विज में प्रथम स्थान पर महारानी कॉलेज की जान्हवी कूलवाल व दृष्टि खण्डेलवाल रहीं तो दूसरे स्थान पर यूनिवर्सिटी फाइव ईयर लॉ कॉलेज के अथर्व पाटीदार और ऐश्वर्या शर्मा रहे। तीसरे स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की शगुन यादव और टिया अग्रवाल की जोड़ी रही। बुक कवर डिज़ाइन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की भूमिजा चौधरी, दूसरे स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की आस्था कौशिक और तीसरे स्थान पर आईआईएचएम, जयपुर के सात्विक सोनी रहे।

ट्रेजर हंट में राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फॉर वीमन की मुस्कान शर्मा, आरोही, तनिष्का सिंह और सौम्या सिंह की टीम विजेता रही। राइटिंग चैलेंज में प्रथम स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की अनुष्का गौड़, दूसरे स्थान पर स्टेनी मेमोरियल कॉलेज की त्रिषिता मुखर्जी और तीसरे स्थान पर राजस्थान विश्वविद्यालय राजस्थान कॉलेज के चंचल खींचर ने कब्जा जमाया।



## म्यूजिक बैंड्स ने जमाए रंग

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और 'वेल प्लेड' पुस्तक के लेखक डॉ. राजीव बगरहट्टा रहे। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अध्यक्षता निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने की। प्राध्यापिका ऋषिता शर्मा ने दो दिवसीय लिटरेचर फेस्ट पर आधारित कविता सुनाई। समारोह में उप-प्राचार्य डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. रंजुला जैन, डॉ. रंजना अग्रवाल, अन्य प्राध्यापिकाएं और महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।। कार्यक्रम का समापन वेटिलॉ और इंफिनिटी म्यूजिक बैंड के साथ सिंगर विवेक खण्डेलवाल और विशाखा खण्डेलवाल की म्यूजिकल परफोर्मेंसेज से हुआ। महाविद्यालय के गणित व सांख्यिकी विभाग द्वारा भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती (राष्ट्रीय गणित दिवस) के उपलक्ष्य में शुक्रवार व शनिवार को विभिन्न अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## Yuva स्टोरीज



# छात्राओं ने समझीं संसद की गतिविधियां

बेधड़क | जयपुर

रामबाग चौराहा स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में गुरुवार को मॉक युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम मोहन अग्रवाल और विधि विभाग की सहायक आचार्य डॉ. आरती राठी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का एक बड़ा प्रजातांत्रिक देश है जहां लोगों में प्रजातंत्र के प्रति जागरूकता होनी चाहिए विशेषकर युवाओं में। मॉक संसद का आयोजन छात्राओं को संसद गतिविधियों की जानकारी देने के उद्देश्य से किया गया।

प्रो. श्याम मोहन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान में प्रजातंत्र के बारे में युवाओं में जागरूकता भारत के भविष्य के निर्माण में सहायक होगी। उन्होंने छात्रों की युवा संसद में भागीदारी की प्रशंसा की। महाविद्यालय की लोक प्रशासन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. विजय लक्ष्मी मिश्रा के निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन छात्रा समन्वयक टीना टेलर व प्रियंका गौतम ने किया। अंत में सहायक प्रोफेसर डॉ. रुचि अग्रवाल ने धन्यवासद ज्ञापित किया।

# गीता के अनछुए पहलुओं पर चर्चा करेंगे विशेषज्ञ



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद्भागवत गीता के शाश्वत एवं समकालीन संदेश के विभिन्न आयामों को लेकर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद विक्रम सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे शुरू होने वाले कार्यक्रम में जगद्गुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे मानसिक स्वास्थ्य, सद्भाव एवं श्रीमद्भगवद्गीता विषय पर व्याख्यान देंगे। इसके साथ ही प्रख्यात विचारक आचार्य दयानंद भार्गव श्रीमद्भगवद्गीता के चार महावाक्य विषय पर अपना विशेष व्याख्यान देंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विचारक एवं पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे डॉ. सीबी शर्मा होंगे। इस व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा करेंगी।

### SKIT: स्मार्ट इंडिया हैकथोन का ग्रैंड फिनाले

# ढूंढे प्रॉब्लम्स के सॉल्यूशन विजेता बनीं चार टीम




बेधड़क | जयपुर

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2023 सॉफ्टवेयर एडिशन के स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में हुए फिनाले में चार टीमें विजेता रहीं। इन टीमों को भारत सरकार की ओर से एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार सम्मान स्वरूप दिया गया।

नोडल सेंटर एसकेआईटी में हुए फिनाले के वेलिडिक्टरी समारोह में श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा बेनेट यूनिवर्सिटी, एबेस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद और बिरला विश्वकर्मा महाविद्यालय की टीम विजेता घोषित की गई।

एआईसीटीई की ऐश्वर्या पाटिल ने सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर इन टीमों को सम्मानिति किया। एसकेआईटी में फिनाले में शामिल होने देशभर से आई 27 टीमें प्रोब्लम सॉल्यूशन निकालने के लिए 36 घंटे तक लगातार जुटी रहीं। इन टीमों ने पांच प्रॉब्लम्स मे से चार के सॉल्यूशन खोजे। इस दौरान मेंटर्स एवं जजेस भी विभिन्न टीम मेंबर्स के साथ इंटरेक्शन करते हुए उनकी हौंसला अफजाई करते रहे। शाम को वेलिडिक्टरी सेशन में चीफ गेस्ट एआईसीटीई के पूर्व चेयरमैन प्रो. एमपी पूनिया एवं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में नीति आयोग के पूर्व मिशन डायरेक्टर डॉ. रामानन रामनाथन ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया।

दोनो ने एक सुर मे स्टूडेंट्स के हुनर की सराहना की एवं उन्हें देश का भविष्य बताया। एसकेआईटी के डायरेक्टर जयपाल मील ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व भाग ले रही टीमों के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. रमेश कुमार पचार, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. एसएल सुराना, रजिस्ट्रार रचना मील एवं डीन डॉ. आरके जैन व डीडी एंकर पुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे। एसकेआईटी की ओर से डॉ. अजय धनोपिया ने फिनाले में पधारे सभी अतिथियों, ज्यूरी मेम्बर्स एवं पार्टिसिपेंट्स को धन्यवाद दिया।

# होम्योपैथी प्रेक्टिस करने के लिए देना होगा NEXT

बेधड़क | जयपुर

देश में बैचलर ऑफ होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी (BHMS) कोर्स कर रहे स्टूडेंट्स के लिए अब नेशनल एग्जिट टेस्ट (NEXT) देना जरूरी होगा। NEXT क्वालिफाई करने के बाद ही स्टूडेंट्स को लाइसेंस मिलेगा और वे देश में होम्योपैथी प्रैक्टिस कर सकेंगे। प्रेक्टिस के लिए स्टेट और नेशनल रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए भी NEXT देना जरूरी होगा। नेशनल कमीशन ऑफ होम्योपैथी ने हाल ही इस संबंध में सर्कुलर जारी किया है। हर साल फरवरी और अगस्त में NEXT एग्जाम कंडक्ट किया जाएगा। फिलहाल, स्टूडेंट्स के लिए ये एग्जाम देने के नंबर ऑफ अटेम्प्ट और ऐज लिमिट तय नहीं है। जानकारी के मुताबिक एग्जाम देने से पहले स्टूडेंट्स को 270 दिनों की इंटर्नशिप करनी होगी। साथ ही ऐसे स्टूडेंट्स जो नोटिफिकेशन जारी होने से पहले ही इंटर्नशिप पूरी कर चुके हैं, उन्हें अगले साल NEXT नहीं देना होगा। NEXT का एप्लीकेशन फॉर्म भरने तक इंटर्नशिप कंप्लीट होना जरूरी है।

### MBBS के लिए भी लागू किया जा सकता है NEXT

नेशनल मेडिकल कमीशन एमबीबीएस और फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स पर भी NEXT लागू करने की तैयारी में है। एमबीबीएस के बाद PG में एडमिशन लेने के लिए NEXT क्वालिफाई करना अनिवार्य किया जा सकता है। ऐसे में MBBS के बाद 365 दिनों की इंटर्नशिप करने के बाद ही NEXT दे सकेंगे। अभी पहले NEXT की तिथि घोषित नहीं की गई है।

### RU में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आज से

# ह्यूमन हेल्थ पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा करेंगे विशेषज्ञ



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर कन्वर्जिंग टेक्नोलॉजीज (सीसीटी) एवं इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर लाइफ साइंसेज (आईएसएलएस) की ओर से 'इम्पैक्ट ऑफ एनवायर्नमेंट, फूड एंड न्यूट्रिशन ऑन ह्यूमन हेल्थ' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुक्रवार को शुरू होगी।

कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे। उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल डॉ. सुभाष चंद्र पारीक होंगे। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगी। अतिथि के रूप में आईएसएलएस के अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार भी समारोह में उपस्थित रहेंगे। कॉन्फ्रेंस में विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले लगभग तीन सौ प्रतिभागी मौखिक एंव पोस्टर प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही वैज्ञानिक, शिक्षाविद् एंव शोधार्थी विभिन्न चुनौतियों व शोध के क्षेत्र में नवाचार पर व्यापक विचार विमर्श करेंगे। कॉन्फ्रेंस में जलवायु परिवर्तन के बहु-विषयक पहलुओं, आधुनिक जीवन शैली के प्रभावों तथा भोजन-पोषण को प्रभावित करने वाली संशोधित पर्यावरणीय स्थितियों पर चर्चा की जाएगी। उद्घाटन के दौरान जयपुर के प्रो. प्रदीप भटनागर और लखनऊ के प्रो. जसवंत सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अगले चरण में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. राणा पी सिंह प्रतिष्ठित प्रो. पीएन श्रीवास्तव मेमोरियल ओरेशन देंगे जिसमें 3डी स्फेरॉइड मॉडल की कैंसर उपचार पद्धति में उपयोगिता की चर्चा करेंगे।

## युवाओं से रू-ब-रू होंगे प्रो. आशुतोष शर्मा



**जयपुर।** अमृत काल विमर्श के 'विकसित भारत@2047' के अंतर्गत शुक्रवार को 'साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन इन द न्यू मिलेनियम: ब्रेव न्यू मिलेनियम' विषय पर डेवलपमेंट सेशन आयोजित किया जाएगा। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) व भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में होने वाले इस सेशन में इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी, दिल्ली के प्रेसिडेंट प्रो. आशुतोष शर्मा स्टूडेंट्स से रूबरू होंगे। प्रो. शर्मा भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सचिव भी रह चुके हैं। इस सेशन में वे नए दौर में विज्ञान, तकनीक व इनोवेशन जैसे विषयों पर बात करेंगे।

**प्रेजेंटेशन** | **जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में एक्सटर्नल ज्यूरी एग्जिबिशन**

# एक्सपर्ट्स ने परखी स्टूडेंट्स की डिजाइन स्किल्स

बेधड़क | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ डिजाइन में चल रही एक्सटर्नल ज्यूरी एग्जिबिशन गुरुवार को समाप्त हुई। एग्जिबिशन में इंडस्ट्री के जाने-पहचाने लोगों ने इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स की ओर से तैयार किए गए आर्टिकल्स के आधार पर उनका रिव्यू किया व भविष्य में बेहतर करने के टिप्स दिए।

इस बार एक्सटर्नल ज्यूरी एग्जिबिशन में 16 इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स मौजूद रहे। स्टूडेंट्स ने अपने फैशन कलेक्शन, इंटीरियर डिजाइन मॉडल्स और ग्राफिक मॉडल्स प्रस्तुत किए।

खास बात यह रही कि इस बार स्टूडेंट्स ने अपना फैशन कलेक्शन डमीज पर नही बल्कि ह्यूमन मॉडल्स पर शोकेस किया। डीन, स्कूल ऑफ डिज़ाइन, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी शिवानी कौशिक ने बताया की ऐसे एक्सटर्नल ज्यूरी एग्जिबिशन एकेडमिक और इंडस्ट्री गैप को कम करने में मदद करते हैं। स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के सामने अपना काम प्रस्तुत करने का कॉन्फिडेंस और उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर काम करने का मौका मिलता है। वाइस चेयरपर्सन, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी अर्पित अग्रवाल ने बताया की डिजाइन के स्टूडेंट्स के लिए ये बहुत सुनहरा मौका होता है जिसका बच्चे साल भर इंतजार करते हैं।

इस बार इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने कुछ बच्चों की मेहनत, कला और क्रिएटिविटी को देख कर उन्हे उनके साथ इंटर्नशिप करने का मौका भी प्रदान किया है।



## इधर, परिष्कार बनी विजेता

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के गुरुवार को हुए फाइनल मुकाबले में परिष्कार कॉलेज विजेता बनी। परिष्कार की टीम ने राजस्थान कॉलेज की टीम को 3-0 से हराया। महिला वर्ग में भवानी निकेतन टीटी कॉलेज की टीम ने परिष्कार की टीम को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# बहुपतित्व की शिकार लाखामंडल की द्रौपदियां



**सीमा अग्रवाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *उत्तराखंड के पहाड़ों की जौनसारी जनजाति में आज भी एक महिला को सभी भाइयों की पत्नी बनाने की प्रथा है, जिसमें जौनसारी जनजाति की महिलाएं आज भी घुट रही हैं। इस कुप्रथा को उत्तराखंड के लाखामंडल की महिलाएं आज भी झेल रही हैं। लाखामंडल में जौनसारी जनजाति में आज भी बहुपति का रिवाज है। पत्नी घर में एक आदमी से शादी करती है, लेकिन वैवाहिक संबंध उसे घर के सारे पुरुषों के साथ निभाने पड़ते हैं।*

महाभारत की द्रौपदी का नाम पूरी दुनिया जानती है। पांच पांडवों की एक पत्नी द्रौपदी। महाभारत में जिक्र है कि वनवास के दौरान पांडव जो भिक्षा लाते, कुंती बिना देखे उसे पांचों भाइयों में बराबर बांटने का आदेश देती। मां का आदेश शिरोधार्य कर पांडव हर वस्तु आपस में बांट लेते। जिस रोज अर्जुन पांचाल देश में द्रौपदी को स्वयंवर से अपने बल पर जीतकर लाए, उस रोज भी यही हुआ। दरवाजे पर खड़े पांडवों को कुंती ने आदेश दिया, जो लाए हो बराबर बांट लो। उसी क्षण द्रौपदी एक नहीं, पांच पुरुषों की पत्नी हो गई। जिंदगी भर द्रौपदी बहुपति के रिश्ते को निभाती रही। पांडवों ने नियम बनाया कि हर रात द्रौपदी एक भाई के कमरे में जाएगी, उसे पत्नी सुख देगी। महाभारत को गुजरे पांच हजार साल से अधिक हो चुके हैं। लोग कहते हैं कि महाभारत के साथ द्रौपदी भी चली गई, लेकिन पांच पतियों वाली द्रौपदी आज भी जिंदा है। उत्तराखंड के पहाड़ों की जौनसारी जनजाति में आज भी एक महिला को सभी भाइयों की पत्नी बनाने की प्रथा है, जिसमें जौनसारी जनजाति की महिलाएं आज भी घुट रही हैं। इस कुप्रथा को उत्तराखंड के लाखामंडल की महिलाएं आज भी झेल रही हैं। लाखामंडल में जौनसारी जनजाति में आज भी बहुपति का रिवाज है। पत्नी घर में एक आदमी से शादी करती है, लेकिन वैवाहिक संबंध उसे घर के सारे पुरुषों के साथ निभाने पड़ते हैं। स्वतः ही वो सारे भाइयों की ब्याहता बन जाती है। उसे हर भाई के साथ संबंध बनाकर उसे खुश रखना पड़ता है। उसके जीवन में पत्नी की भूमिका निभानी होती है। जौनसारी जनजाति की महिलाओं को आज भी द्रौपदी बनना पड़ता है।

लाखामंडल के वरिष्ठ जनों की मानें तो बहुपति प्रथा हमारी जनजाति का बड़ा सांस्कृतिक अंग है। ये हमारी पहचान है। हम इसे नहीं छोड़ सकते। जनजाति की महिलाएं कहती हैं कि ये रिवाज हमारे लिए कुप्रथा है। इसने हमारे सामाजिक, निजी, मानसिक और पारिवारिक जीवन को उधेड़ कर रख दिया है। बहुपति वाली महिलाओं को एक नहीं, कई पतियों को संतुष्ट करना पड़ता है। उनके पोषण का हर जिम्मा उठाना पड़ता है। अंत तक महिला इसी उलझन में रहती है कि वो घर में किसे अपना पति माने, जिसके साथ वो जीवन के सुख, दुख साझा कर सके। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, जौनसारी जनजाति में प्रति 1000 पुरुषों पर केवल 863 महिलाएं हैं। पिछले कई दशकों में यहां भ्रूण लिंग हत्या के मामले बढ़ने से लिंगानुपात के हालात और बदतर हुए हैं। समाजशास्त्री कहते हैं कि इन क्षेत्रों में आज भी इस प्रथा के प्रचलित होने का बड़ा कारण बढ़ता लिंगानुपात हैं। इन इलाकों में आज भी पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या बहुत कम है। महिलाओं का रेशियो कम होने के कारण यहां लड़कों को शादी के लिए लड़कियां नहीं मिलती, इसलिए एक लड़की हर भाई की पत्नी होती है।

दरअसल जौनसारी जनजाति के लोग पांडवों को अपना पूर्वज मानते हैं। स्वयं को पांडवों का वंशज कहने के कारण इस जनजाति में बहुपतित्व यानी एक से ज्यादा पतियों का प्रचलन है। जौनसारी के लोग कहते हैं कि बहुपतित्व प्रथा हमारे पितर पांडवों को हमारा अर्पण है। जब तक हमारे घरों में बहुपतित्व प्रथा निभाई नहीं जाती, जीवन अधूरा माना जाता है, इसलिए बहुपतित्व प्रथा महिलाओं पर एक तरह से थोपी जाती है। न चाहते हुए भी महिलाओं को इसे निभाना पड़ता है, जिससे महिला उबर नहीं सकती। एक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी भारत में हिमालय के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले और तिब्बत के क्षेत्र में यह प्रथा आज भी जीवित है।

बहुपतित्व प्रथा के पीछे एक बड़ा कारण संपत्ति का बंटवारा, इससे जुड़े विवाद भी हैं। लोग मानते हैं कि अगर हर भाई की अपनी पत्नी, बच्चे होंगे तो आम लोगों की तरह उनकी जमीनें बंट जाएंगी। संपत्ति पर झगड़ा होगा। अगर घर में एक महिला होगी तो संपत्ति उसी की संतान को जाएगी। पहाड़ों में कृषि योग्य भूमि का विखंडन रोकना बड़ी चुनौती है। जौनसारी जनजाति खेती और पशुपालन से गुजारा करती है। पुश्तैनी संपत्ति, पशुओं के बंटवारे से बचने के लिए एक पत्नी से सभी भाइयों की शादी हो जाती है। लोग यह मानते हैं कि ज्यादा महिलाओं से घर की शांति भंग होती है। घर में कलह न हो, इसलिए एक महिला होना चाहिए। इससे भाइयों में प्रेम बना रहता है, क्योंकि एक महिला के इर्द-गिर्द हर भाई का जीवन घूमता रहता है। जौनसारी बहुपतित्व को अपनी संस्कृति का मूल भाग कहते हैं। ये जनजाति अपनी जमीन बचाने के लिए महिलाओं की भावनाओं की बलि चढ़ाते हैं।

जौनसारी जनजाति के बुजुर्ग भले इस प्रथा को अपनाने के तमाम कारण मानते हों, लेकिन ये प्रथा कहीं न कहीं इस जनजाति की महिलाओं के लिए बड़ा दर्द बन चुकी है। ऐसी पीड़ा, जिसे ये महिला किसी से कह नहीं सकतीं। पीढ़ी दर पीढ़ी ये प्रथा हर महिला को निभानी है। बहुपतित्व में महिला को दूसरी शादी करने का हक नहीं है, लेकिन पुरुष एक के बाद दूसरी शादी करने का हकदार है। उत्तराखंड में जौनसारी जनजाति की आबादी 1 लाख 37 हजार से ज्यादा है, जो मतदान भी करते हैं। इसके बावजूद आज तक किसी राजनीतिक दल या नेता ने इन महिलाओं को बहुपतित्व से आजादी देने की नहीं सोची। इस प्रथा से आजादी समय की दरकार है, जिस पर हम सभी को मिलकर न केवल सोचना होगा, बल्कि काम भी करना होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## कर्म संस्कार को परिमार्जित करने वाला एक दिव्य ग्रंथ है

# भारत की आध्यात्मिक चेतना है गीता



**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *ध्यानयोग में बताया गया है कि अष्टांगयोग मन तथा इन्द्रियों को कैसे नियंत्रित करता है। भगवद्ज्ञान में भगवान श्रीकृष्ण को समस्त कारणों के कारण व परमसत्य माना गया है। नवें और दशवें अध्याय में परम गुह्य ज्ञान व भगवान के ऐश्वर्य का उल्लेख है। कहा गया है कि भक्ति के मार्ग से जीव अपने को ईश्वर से सम्बद्ध कर सकता है। ग्यारहवें अध्याय में भगवान का विराट रुप और बारहवें में भगवद् प्राप्ति का सबसे सुगम और सर्वोच्च मार्ग भक्ति को बताया गया है।*

आज गीता जयंती है। पांच हजार वर्ष पूर्व आज ही के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम मित्र व भक्त अर्जुन को कुरुक्षेत्र के मैदान में गीता का उपदेश दिया था। उस समय अर्जुन मोहग्रस्थ थे और सत्य की रक्षा के लिए अपने बंधु-बांधवों से युद्ध करने में हिचक रहे थे। गीता के रूप में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकला यह उपदेश किसी जाति, धर्म और संप्रदाय की सीमा से आबद्ध नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण मानव जाति के कल्याण का मार्ग है। पाश्चात्य जगत में विश्व साहित्य का कोई भी ग्रंथ इतना अधिक उद्धरित नहीं हुआ है जितना कि भगवद्गीता।



भगवद्गीता ज्ञान का अथाह सागर है। जीवन का प्रकाशपुंज व दर्शन है। शोक और करुणा से निवृत्त होने का सम्यक मार्ग है। भारत की महान धार्मिक संस्कृति और उसके मूल्यों को समझने का ऐतिहासिक-साहित्यिक साक्ष्य है। इतिहास भी है और ज्ञान-कर्म दर्शन भी। समाजशास्त्र और विज्ञान भी। लोक-परलोक दोनों का आध्यात्मिक मूल्य भी। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को निमित्त बनाकर संपूर्ण संसार को सत्य का बोध कराया। ब्रह्मपुराण के अनुसार द्वापर युग में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष के एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने उपदेश दिया। गीता का उपदेश मोह का नाश करने वाला है। इसीलिए एकादशी को मोक्षदा एकादशी भी कहा जाता है। युद्ध में जब अर्जुन मोहग्रस्त होकर अपने आयुध रख दिए थे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें नश्वर भौतिक शरीर और नित्य आत्मा के मूलभूत अंतर को समझाकर युद्ध के लिए तैयार किया।

फल की आशा किए बिना कर्म का संदेश दिया। श्रीकृष्ण के उपदेश से अर्जुन का संकल्प जाग्रत हुआ। कर्तव्य का बोध हुआ। ईश्वर से आत्म साक्षात्कार हुआ। उन्होंने कुरुक्षेत्र में अधर्मी कौरवों को पराजित किया। सत्य और मानवता की जीत हुई। अन्याय पराजित हुआ। श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से जगत को समझाया कि निष्काम कर्म भावना में ही जगत का कल्याण है। श्रीकृष्ण का उपदेश ही गीता का अमृत वचन है। उन्होंने गीता के जरिए दुनिया को उपदेश दिया कि कौरवों की पराजय महज पांडवों की विजय भर नहीं, बल्कि धर्म की अधर्म पर, न्याय की अन्याय पर और सत्य की असत्य पर जीत है। श्रीकृष्ण ने गीता में धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य और न्याय-अन्याय को भलीभांति परिभाषित किया है। उन्होंने धृतराष्ट्र पुत्रों को अधर्मी, पापी और अन्यायी तथा पांडु पुत्रों को पुण्यात्मा कहा है। उन्होंने संसार के लिए क्या ग्राह्य और क्या त्याज्य है उसे भलीभांति समझाया। श्रीकृष्ण के उपदेश ज्ञान, भक्ति और कर्म का सागर है। गीता भारतीय चिंतन और धर्म का निचोड़ है। श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में खड़े अर्जुन रूपी जीव को धर्म, समाज, राष्ट्र, राजनीति और कुटनीति की शिक्षा दी। प्रजा के प्रति शासक के आचरण-व्यवहार और कर्म के ज्ञान को उद्घाटित किया। गीता में संसार को संदेश है कि दुर्योधन, कर्ण, विकर्ण, जयद्रथ, कृतवर्मा, शल्य, अश्वथामा जैसे अहंकारी और अत्याचारी जीव राष्ट्र-राज्य के लिए शुभ नहीं होते। वे सत्ता और ऐश्वर्य के लोभी होते हैं।

श्रीकृष्ण ने ऐसे लोगों को संसार के लिए विनाशक कहा है। उदाहरण देते हुए समझाया है कि विष देने वाला, घर में अग्नि लगाने वाला, घातक हथियार से आक्रमण करने वाला, धन लूटने वाला, दूसरों की भूमि हड़पने वाला और पराई स्त्री का अपहरण करने वालों को अधम और आतातायी कहा है। संतों का कहना है कि गीता का उपदेश वैखरी वाणी से नहीं बल्कि परावाणी से दिया गया था। तत्वज्ञानियों का कहना है कि इस माध्यम से लाखों शब्दों का संदेश क्षण भर में दिया जा सकता है। तत्वज्ञानियों का तर्क है कि क्षण भर के स्वप्न में व्यक्ति संपूर्ण जीवन और जन्म-जन्मांतरों के अनुभवों से जुड़ सकता है। यह संभव है कि श्रीकृष्ण और अर्जुन का संवाद इसी रूप में हुआ हो। तत्वज्ञानियों का चिंतन और उनका सम्यक विचार आज भी गीता की महत्ता और उसकी प्रासंगिकता को संदर्भित कर रहा है। शास्त्रीय दृष्टि से महाभारत एक प्रमुख काव्य ग्रंथ है, गीता जिसका एक छोटा सा अंश है। महाभारत में एक लाख से अधिक श्लोक हैं, जिसमें से सात सौ बीस श्लोकों का ग्रंथ गीता है। यह ग्रंथ न केवल आध्यात्मिक मूल्यों का संवाहक है, बल्कि वैदिक परंपरा और चिंतन का सारतत्व भी है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार गीता धर्मग्रंथ कम, मनोविज्ञान, ब्रह्मविद्या और योग का ग्रंथ ज्यादा है। भाषा के तौर पर यह काव्य है, लेकिन विषय के तौर पर अध्यात्म है। निर्वाण व मुक्ति का मार्ग है तो विश्लेषण व विवेचन के तौर पर जीवन जीने का संयमित मार्ग है। संसार में रहते हुए उससे अप्रभावित रहने की कला है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि ज्ञानयोग से बुद्धि, कर्मयोग से इच्छा और भक्तियोग से भाव स्थिर होते हैं। यानी गीता कर्म संस्कार को परिमार्जित करने वाला एक दिव्य ग्रंथ है। विश्व के महानतम वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है कि भगवद्गीता को पढ़कर मुझे ज्ञान हुआ कि इस दुनिया का निर्माण कैसे हुआ और जीवन को किस तरह जीया जाना चाहिए।

गीता के प्रथम अध्याय में कुरुक्षेत्र के युद्धस्थल में अर्जुन रूपी जीव द्वारा मोहग्रस्त होना, करुणा से अभिभूत होकर अपनी शक्ति खो देना इत्यादि का भलीभांति उल्लेख है। दूसरा अध्याय हमें देहांतरण की प्रक्रिया, परमेश्वर की निष्काम सेवा के अलावा स्वरूपसिद्ध व्यक्ति के गुणों से अवगत कराता है। तीसरे, चैथे व पांचवे अध्याय में कर्मयोग और दिव्य ज्ञान का उल्लेख है। यह अध्याय इस सत्य को उजागर करता है कि इस भौतिक जगत में हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार के कर्म में प्रवृत होना पड़ता है। छठा, सातवां और आठवें अध्याय में ध्यानयोग, भगवद्ज्ञान और भगवद् प्राप्ति कैसे हो इसका मार्ग सुझाया गया है। ध्यानयोग में बताया गया है कि अष्टांगयोग मन तथा इन्द्रियों को कैसे नियंत्रित करता है। भगवद्ज्ञान में भगवान श्रीकृष्ण को समस्त कारणों के कारण व परमसत्य माना गया है। नवें और दशवें अध्याय में परम गुह्य ज्ञान व भगवान के ऐश्वर्य का उल्लेख है। कहा गया है कि भक्ति के मार्ग से जीव अपने को ईश्वर से सम्बद्ध कर सकता है। ग्यारहवें अध्याय में भगवान का विराट रुप और बारहवें में भगवद् प्राप्ति का सबसे सुगम और सर्वोच्च मार्ग भक्ति को बताया गया है। तेरहवें और चैदहवें अध्याय में प्रकृति, पुरुष और चेतना के माध्यम से शरीर, आत्मा और परमात्मा के अंतर को समझाया गया है। बताया गया है कि सारे देहधारी जीव भौतिक प्रकृति के तीन गुणों के अधीन हैं-वे हैं सतोगुण, रजोगुण व तमोगुण। कृष्ण ने वैज्ञानिक तरीके से इसकी व्याख्या की है। पंद्रहवें अध्याय में वैदिक ज्ञान का चरम लक्ष्य भौतिक जगत के पाप से अपने आप को विलग करने की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। सोलहवें, सत्रहवें और अन्तिम अठारहवें अध्याय में दैवी और आसूरी स्वभाव, श्रद्धा के विभाग व संन्यास सिद्धि का उल्लेख है। गीता ज्ञान का सागर और जीवन रुपी महाभारत में विजय का मार्ग भी है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# प्रश्नकाल के बाद क्यों आता है शून्यकाल?



**एकता शर्मा**
व्यंग्यकार

अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही है। बेटे ने मां से पूछा मम्मी प्रश्न कितने प्रकार के होते हैं? यह भी बताओ प्रश्न काल के बाद शून्य काल क्यों आता है? हां यह भी बताना यह पेपर लीक क्यों होता है क्या इससे कुछ मुनाफा भी होता है?

पेपर पढ़ते- पढ़ते मां ने सोचा यह प्रश्न काल तो सदियों से चला आ रहा है, लेकिन इन दिनों सचमुच सड़कों से लेकर संसद तक यही छाया है। मां मुस्कुराई और बोली क्या यह प्रश्न तुमने अध्यापक से भी पूछा? पूछा था मां, लेकिन उन्होंने क्लास से बाहर का रास्ता दिखा दिया। मां फिर व्यंगात्मक हंसी और बोली चिंता मत करो बेटा। पेपर पढ़ो, कितनों ने प्रश्न पूछे, कितनों को अपनी क्लास से बाहर खड़ा होना पड़ा? लेकिन फिर भी वे खिलखिला रहे हैं। दिल्ली की सर्दी में भी मुस्कुरा रहे हैं। महुआ ओ मेरी महुआ के गीत गा रहे हैं। यही नहीं निलंबित होकर भी सोशल मीडिया पर फोटो खिंचवा रहे हैं। साथ ही निलंबन का भी नया रिकॉर्ड बना रहे हैं।

वैसे बालक संसदीय शासन प्रणाली में तो तीन प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं। उनमें तारांकित और अतारांकित प्रश्न कुछ ज्यादा खास होते हैं। जीवन में जब-जब प्रश्न काल होता है। स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार होता है। क्या संसद में भी ऐसा ही होता है?

अफसोस आजकल कुछ महानुभाव इन प्रश्नों से ही अपने मुन्नों का भरण पोषण कर रहे हैं, यही नहीं भरे पेट भी महल खड़े कर रहे हैं। ऐसे लोग प्रश्नों की खरीद फरोख्त से अपने घर भरते हैं। कभी-कभी इनके पर्चे जब लीक होते हैं। तब यह भी न्यूज़ पेपर के प्रश्न काल में अंकित होते हैं। ऐसे महामानुष कुछ समय के लिए शून्य काल में अपना जीवन यापन करते हैं।

प्रश्न यह भी उठना है कि उनके प्रश्नों में क्या खास होता है कि जनाब वह इतना महंगा बिकता है? वाह मां, बेटा बोला अभिनेता नहीं अब तो बड़ा होकर मैं भी नेता बनूंगा। फिर उनके ही पदचिह्न पर मैं भी चलूंगा। मां ने धमकाया कुछ प्रश्नों को आधार बनाया समाज, संस्कृति, समृद्धि, उन्नति, समावेशी शिक्षा स्वास्थ्य का प्रश्न उठाना महिला मुद्दों को प्राथमिकता में लाना, तभी सच्चा जनप्रतिनिधि कहलाना। बेटा बोला, मां तुम सठिया गई हो? क्यों फालतू का ज्ञान बखार रही हो? मैं यह सब नहीं करने वाला। मां ने सोचा बच्चा बिगड़ रहा है। इसे कैसे सुधारू, इसके लिए प्रश्न पूछना तो बनता है, लेकिन किससे पूछें यही प्रश्न मन में खटकता है।

सचमुच आज का विद्यार्थी वर्ग है हलाकान, परेशान बार-बार परीक्षा देकर घरवालों पर कर डाला एहसान। वैसे भी पेपर लीक होने पर घर-घर में कोहराम मचता हैं। पूछो तो जवाब में लोकसभा चैनल चलता हैं। फिर जो दृश्य दिखाई देते हैं। वह बहुत से प्रश्न खड़े करते हैं। क्या इसे लोकतंत्र का मंदिर कहते हैं? जहां चप्पल, जूते, लात- घूसे चलते हैं। एक काम क्यों नहीं कर देते हैं। इस मंदिर में भी जूते चप्पल ले जाने बैन कर देते हैं। एक कोड ऑफ कंडक्ट तैयार करते हैं और हां, टेबल कुर्सी की बजाय इन्हें दरी पर बिठाते हैं, कुछ नहीं तो कम से कम चप्पल जूते तो नहीं फेकें जाएंगे, कुर्सियां भी टूटने से बचेंगी। देश का राजकोषीय घाटा कुछ तो कम होगा। यह भी नहीं तो कम से कम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लोकतंत्र का इंडेक्स तो सुधरेगा, क्यों क्या सही नहीं है यह उपाय? फिर जब ठंड में इनसे प्रश्न पूछे जाएंगे, तब यह वास्तव में शून्य काल में पहुंच जाएंगे। हम जैसों के मन में तो यही यक्ष प्रश्न उठते हैं। क्या गैस सिलेंडर 450 रुपए में मिलेगा? मुख्यमंत्री चिरंजीवी भव का वरदान मिलेगा? दुर्घटना हो गई तो क्या आयुष्मान का आशीर्वाद बचाऐगा, इंदिरा नहीं, शायद अब अन्नपूर्णा रसोई योजना चलेगी या गरीब ऐसे ही भूखा सोएगा? रैन बसेरे में क्या यूं ही रात काली करेगा? गोबर एक से दो रुपए किलो में बिकेगा, आज पेट्रोल के दाम क्या होंगे बस यही सोच वह शून्य काल में चला जाता है।

**नॉलेज कॉर्नर:** वैज्ञानिक भी नहीं पता लगा पाए पुरी के जगन्नाथ मंदिर के ये रहस्य

# विपरीत दिशा में लहराती मंदिर की पताका

जगन्नाथ मंदिर की जब भी चर्चा होती है तो उसकी भव्यता के साथ ही मंदिर के रहस्यों पर भी बात की जाती है। दरअसल, मंदिर को लेकर कई ऐसी कहानियां जिनका सच सामने नहीं आया है। 800 साल से भी ज्यादा पुराने इस पवित्र मंदिर में आज भी कई ऐसे रहस्य हैं जिनका जवाब विज्ञान भी नहीं खोज पाया। कहते हैं भगवान की लीला अपरंपार है। वो चाहें तो राजा को भिखारी और भिखारी को राजा बना दें। सिर्फ दर्शन मात्र से जहां मन की हर मुराद पूरी हो जाती है, पुरी के उसी भगवान जगन्नाथ मंदिर में आज भी कई ऐसे रहस्य हैं जिनका जवाब बड़े से बड़े वैज्ञानिक आज तक नहीं खोज पाए। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इन रहस्यों के बारे में...

### हवा के विपरीत लहराता है झंडा

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर में लगा झंडा हमेशा हवा के विपरीत लहराता है। कई वीडियो में भी ये देखने को मिलता है कि इस मंदिर के आस-पास बने अन्य मंदिर या इमारतों पर लगे झंडे जिस तरह लहराते रहते हैं, वहीं मंदिर का झंडा अलग दिशा में लहराता है। यूट्यूब पर भी ऐसे कई वीडियो हैं, जिन्हें आप देख सकते हैं। माना जाता है कि अभी भी इस रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया है। इसके साथ ही इस झंडे को हर रोज बदला जाता है। माना जाता है कि अगर एक दिन भी ऐसा नहीं किया तो ये मंदिर 18 साल के लिए बंद हो जाएगा और विपरीत परिस्थितियों में मंदिर के इस झंडे को बदला जाता है। झंडे पर शिवाजी का चंद्र बना है और शाम में इस झंडे तक उल्टा चढ़कर पहुंचना होता है। ऐसे में मंदिर के पुजारी इस बदलते हैं और इस झंडे को पतित पावन बाना कहा जाता है। इसके अलावा भी मंदिर पर कई तरह के झंडे लगाए जाते हैं। मंदिर के झंडे को हर शाम में बदला जाता है और ये झंडा मंदिर के सबसे ऊपर सुदर्शन चक्र के पास लगाया जाता है। इसके अलावा जो अन्य झंडे लगते हैं, उन्हें मानसिक बाना कहा जाता है, जो श्रद्धालुओं की ओर से दिया जाता है।



### सबसे बड़ी रसोई

भगवान जगन्नाथ मंदिर में जो रसोई है वो दुनिया की सबसे बड़ी रसोई मानी जाती है। यहां जो भी प्रसाद बनता है उसे मिट्टी के बर्तन में ही बनाया जाता है। लेकिन चौकाने वाली बात ये है कि बर्तन के ऊपर बर्तन रखकर आप कितनी भी ऊचाई करके प्रसाद बनाएं लेकिन ये प्रसाद ऊपर से नीचे पकता है ना ही नीचे से ऊपर, तो विज्ञान यहां भी फेल हो जाता है कि आग के संपर्क में आने वाली जो चीज़ सबसे दूर है वो सबसे पहले कैसे प्रभावित होती है। कहते हैं साक्षात भगवान इस प्रसाद को अपने भक्तों के लिए बनाते हैं। दिन में कितने लाखों करोड़ों भक्त क्यों ना आ जाएं ये प्रसाद कभी कम नहीं पड़ता और जैसे ही मंदिर के कपाट बंद होने का समय आता है प्रसाद अपने आप ही खत्म हो जाता है।

**परछाई का रहस्य**

*जगन्नाथपुरी मंदिर में आज भी ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब किसी वैज्ञानिक तक को नहीं मिल पाया है। 214 फीट ऊंचे इस मंदिर की परछाई आजकर किसी ने नहीं देखी। भगवान जगन्नाथ के मंदिर का ऊपरी हिस्सा विज्ञान के नियम को चुनौती देता है। मंदिर के शिखर की छाया हमेशा अदृश्य ही रहती है, इस बात से वैज्ञानिक भी हैरान हैं।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
**@RahulGandhi**
जम्मू कश्मीर के राजौरी में हुए कायराना आतंकी हमले में हमारे जवानों की शहादत की खबर बहुत दुखद है। भारत की रक्षा में उनका यह सर्वोच्च बलिदान देश सदा याद रखेगा। इस कठिन समय में शहीदों के शोकाकुल परिवारों को मेरी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

**कांग्रेस सीडब्ल्यूसी की बैठक : खरगे ने रखा प्रस्ताव, 'भारत जोड़ो यात्रा' के दूसरे चरण पर विचार करें राहुल**

# लोकसभा चुनाव की तैयारी, कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी का गठन इसी महीने

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी की सीडब्ल्यूसी की बैठक में बृहस्पतिवार को अगले लोकसभा चुनाव के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया।

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी जल्द ही पूरी तरह चुनावी मोड में होगी और लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए इसी महीने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। इस बीच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने प्रस्ताव रखा कि राहुल गांधी पूर्व से पश्चिम की ओर दूसरे चरण की 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालें, क्योंकि पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता लंबे समय से यह मांग कर रहे हैं।

पार्टी की कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि पार्टी नेताओं ने राहुल गांधी से दूसरे चरण की 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालने का आग्रह किया है और इस यात्रा को लेकर जल्द फैसला किया जाएगा। बैठक में दिए गए अपने संबोधन में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''पिछले कई महीनों से पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता एक स्वर में लगातार एक मांग मेरे सामने रखते रहे हैं कि राहुल गांधी पूर्व से पश्चिम की ओर 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालें।

बता दें कि राहुल गांधी और कई अन्य कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पिछले साल सात सितंबर को कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू की थी, जिसका समापन इस साल 30 जनवरी को श्रीनगर में हुआ था। इसके बाद से दूसरे चरण की यात्रा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।



### राजनीतिक हालातों पर चर्चा

विधानसभा चुनावों, लोकसभा चुनाव, संसद से जुड़े मुद्दे समेत मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई।"उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का फैसला जल्द होगा तथा इसी महीने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। वेणुगोपाल ने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र समिति का गठन अगले एक-दो दिनों में किया जाएगा।

### जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण अहम मुद्दा

हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस कार्य समिति की यह पहली बैठक थी। इन चुनावों में कांग्रेस को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार का सामना करना पड़ा, जबकि तेलंगाना में उसे जीत मिली। खरगे ने कार्य समिति की बैठक में कहा, "उन सवालों को हमें नहीं भूलना है, जिन पर आगे की राजनीति प्रभावित होगी। जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण अहम मुद्दा रहेगा। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण तत्काल लागू हो और महिलाओं को आरक्षण के दायरे में लाया जाए।"

### समान विचारधारा वाले दलों को लाना होगा साथ

खरगे ने कहा, "हमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कुछ ठोस रणनीति बनानी होगी तथा समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतनी होंगी। खरगे ने विपक्षी सांसदों के निलंबन का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि संवैधानिक पदों पर बैठे जिन लोगों पर सांसदों के संरक्षण की जिम्मेदारी है, वो दलगत राजनीति का हिस्सा बनकर तथा जाति, क्षेत्र और व्यवसाय को ढाल बनाकर राजनीति कर रहे हैं।

### भाजपा राज में कुछ भी सुरक्षित नहीं: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में संसद, सरहद, सड़क और समाज कुछ भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने मणिपुर से जुड़ा एक वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जरा सोचिए कि मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों को आठ महीने बाद जाकर दाह संस्कार नसीब हुआ। प्रियंका गांधी ने कहा, ''अब तो वह संसद भी सुरक्षित नहीं रही, जिसमें प्रधानमंत्री खुद बैठते हैं, लेकिन सवाल पूछने पर करीब 150 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। भाजपा के राज में संसद, सरहद, सड़क, समाज कुछ भी सुरक्षित नहीं है।

### राहुल को नोटिस, आठ सप्ताह में फैसला ले आयोग



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कथित 'जेबकतरे'' वाली टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जारी किए गए नोटिस पर आठ सप्ताह के भीतर निर्णय ले। कांग्रेस नेता ने पिछले महीने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए 'जेबकतरे' और अन्य टिप्पणियां की थी। अदालत उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें गांधी के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ राजनीतिक नेताओं द्वारा इस तरह के ''कदाचार'' को रोकने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया है।

**संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

# लोकसभा से किए 3 और सांसद निलंबित, विपक्ष ने निकाला मार्च

■ **इस सत्र में 146 सांसदों पर गिरी गाज**

## सरकार और प्रधानमंत्री नहीं चाहते कि सदन चले: खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में भारी हंगामे के बीच सांसदों के निलंबन की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। लोकसभा से तीन और सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इनमें नकुलनाथ, डीके सुरेश और दीपक बैज शामिल हैं।

तीनों को सदन में तख्तियां लहराने और नारे लगाने के आरोप में 143 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया था। इस तरह संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए गए सांसदों की संख्या 146 हो गई है।

इनमें लोकसभा के 100 और राज्यसभा के 46 सांसद हैं। दरअसल, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सांसद 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक की घटना को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग कर रहे थे।

इस बीच गुरुवार को विपक्ष का सांसदों का निलंबन के खिलाफ विरोध जारी रहा। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से एक मार्च निकाला जो विजय चौक पर संपन्न हुआ। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर 'लोकतंत्र बचाओ' लिखा था।

खरगे ने संवाददाताओं से कहा, ''सांसदों के निलंबन के खिलाफ हमारा प्रदर्शन है। सरकार और मोदी जी यह नहीं चाहते कि सदन चले।''हम लोकसभा में, संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना से जुड़ा विषय उठाना चाहते थे कि यह क्यों हुआ, कैसे हुआ और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। हम चाहते थे कि सरकार सदन को इस बारे में बताए। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों सदन में नहीं आए। वे, सदन में जिन बातों को कहना है, उन्हें बाहर बोल रहे हैं।




### लोकसभा से पारित कुछ अहम विधेयक

- भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता , 2023
- भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता , 2023
- भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023
- केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023
- दूरसंचार विधेयक, 2023

### संसद सुरक्षा: इस फोर्स को सौंपी जिम्मेदारी

संसद की सुरक्षा में चूक के बाद केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सरकार अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को संसद की व्यापक सुरक्षा देने के लिए संबंधित विभागों के साथ बातचीत कर रही है। सरकार के सूत्रों ने एएनआई को बताया कि यह मामला हाल ही में एक बैठक में उठाया गया था, जिसमें दिल्ली पुलिस, गृह मंत्रालय (एमएचए), सीआईएसएफ, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और अन्य संबंधित प्रभागों के अधिकारी शामिल हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले पर अंतिम फैसला अगले हफ्ते दूसरे दौर की बैठक में लिया जाएगा।

## 14वें सत्र में 74 फीसद हुआ कामकाज: बिरला

### 14 बैठकें, 61 घंटे 50 मिनट चली कार्यवाही, 18 विधेयक हुए पारित

17वीं लोकसभा का चौदहवां सत्र गुरुवार को संपन्न हो गया। बता दें कि चार दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई थी और 21 दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने विदाई भाषण में सदन के कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए सदस्यों को सूचित किया कि 4 दिसंबर, 2023 को शुरू हुए सत्र के दौरान 14 बैठकें हुईं, जो लगभग 61 घंटे 50 मिनट तक चली। उन्होंने बताया कि लोकसभा के 14वें सत्र के दौरान सदन की उत्पादकता 74 फीसद रही। ओम बिरला ने यह जानकारी भी दी कि सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और 18 विधेयक पारित किए गए।

**उपराष्ट्रपति की नकल उतारने का मामला**

## दिल्ली भाजपा ने जंतर मंतर पर किया विरोध प्रदर्शन




एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश इकाई ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 'नकल' उतारने के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्ष से माफी की मांग की।

कई प्रदर्शनकारियों ने अपने माथे पर काली पट्टियां बांध रखी थीं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में भाजपा सांसद मनोज तिवारी और प्रवेश वर्मा भी शामिल थे। सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान बनर्जी ने धनखड़ की उपहासपूर्ण ढंग से नकल उतारी थी जिसकी सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी निंदा की है। जब बनर्जी धनखड़ की नकल उतार रहे थे तो गांधी उसका वीडियो बना रहे थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "संसद लोकतंत्र का मंदिर है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति व्यक्ति नहीं बल्कि संस्थाएं हैं। उनका मजाक उड़ाना और उनका अनादर करना उस मंदिर का अपमान करने जैसा है।

हम राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं से माफी की मांग करते हैं।" राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद परिसर में उनकी, बनर्जी द्वारा नकल उतारे जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च सदन में बुधवार को कहा था कि संसद परिसर में उनकी नकल उतारकर किसान समाज और उनकी जाति (जाट) का अपमान किया गया है।

जाट महासंघ ने धनखड़ की नकल उतारे जाने के खिलाफ बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय के पास विरोध मार्च निकाला और पार्टी का पुतला जलाया था।

**पूर्व गृह मंत्री ने केंद्र सरकार को घेरा**

# औपनिवेशिक कानूनों को बदलने का अवसर किया बर्बाद: चिदंबरम

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सरकार द्वारा आपराधिक न्याय प्रणाली से संबंधित तीन प्रमुख विधेयकों को लोकसभा में पारित कराए जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि औपनिवेशिक कानूनों को बदलने और उन्हें नए सिरे से बनाने का अवसर बर्बाद कर दिया गया है। लो कसभा ने लंबी चर्चा और गृह मंत्री अमित शाह के विस्तृत जवाब के बाद बुधवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से मंजूरी दी। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी),1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर लाये गए हैं।

पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''क्या सरकार ने वास्तव में ब्रिटिश औपनिवेशिक आपराधिक कानूनों को खारिज कर दिया है? इस तथ्य पर विचार करें कि आईपीसी में 90-95 प्रतिशत, सीआरपीसी में 95 प्रतिशत और साक्ष्य अधिनियम में 99 प्रतिशत हिस्सा इन तीन विधेयकों में 'कट, कॉपी और पेस्ट' किया गया। क्या कोई उस तथ्य से इनकार या बहस कर सकता है?''

उन्होंने दावा किया, ''वास्तव में, सरकार ने मैकॉले और फिट्ज स्टीफन को अमर कर दिया है जिन्होंने मूल आईपीसी और साक्ष्य अधिनियम का मसौदा तैयार किया था।''चिदंबरम ने आरोप लगाया कि कानूनों को बदलने और इन्हें नए सिरे से बनाने का अवसर बर्बाद कर दिया गया।

## छत्तीसगढ़ BJP के अध्यक्ष बने किरण देव

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए किरण देव सिंह को पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक सिंह की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सिंह, हाल ही में राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गए अरुण साव की जगह लेंगे। जगदलपुर संभाग की एकमात्र ऐसी सीट है, जो अनारक्षित है। किरण सिंह देव जगदलपुर नगर निगम के महापौर रह चुके हैं।

## PM ने लोकसभा अध्यक्ष, रक्षा मंत्री से की मुलाकात



*__नई दिल्ली।__ संसद का यह शीतकालीन सत्र काफी हंगामेदार रहा। इस बीच सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और अन्य नेताओं से मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने सभी नेताओं को धन्यवाद दिया। आमतौर पर हर संसद सत्र के खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री और सभी पार्टियों के नेता स्पीकर से मिलने जाते हैं। विपक्ष के अधिकतर नेता निलंबित होने के कारण इस बैठक से दूर रहे। बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और प्रल्हाद जोशी के अलावा बीजू जनता दल के भर्तृहरि महताब और शिव सेना के राहुल शेवाले समेत अन्य नेता मौजूद रहे।*

**विधानसभा चुनाव में हार के बाद बीजेपी का कर्नाटक पर फोकस**

# सीटों के तालमेल को लेकर पीएम मोदी से मिले देवेगौड़ा, कुमारस्वामी

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल सियासी समीकरण टेस्ट और सेट करने की कोशिश में जुटे हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस ( इंडिया), दोनों की ही नजर अपना कुनबा बढ़ाने पर है।

विधानसभा चुनाव में हार के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का फोकस अब कर्नाटक पर है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। बीजेपी दक्षिण के अपने इस दुर्ग में 2019 का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश में है। बीजेपी और जनता दल (सेक्यूलर) के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत के कयास लगाए जा रहे हैं।

इस बीच के सीटों के तालमेल को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान कुमारस्वामी के भतीजे और जद (एस) के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना सहित पार्टी के कुछ अन्य नेता मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने खुद ही इस मुलाकात की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा की और कहा, ''पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा जी, कुमारस्वामी जी और एचडी रेवन्ना से मिलकर हमेशा खुशी होती है। देश की प्रगति में देवेगौड़ा जी के अनुकरणीय योगदान को भारत बहुत महत्व देता है। विविध नीतिगत मामलों पर उनके विचार व्यावहारिक और भविष्योन्मुखी होते हैं।''



### प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर किया पोस्ट

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद कुमारस्वामी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान, हमने वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की और प्रधानमंत्री के सामने कर्नाटक के किसानों से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डाला।"उन्होंने कहा, "इसके अतिरिक्त, खोपरा की खरीद के संबंध में प्रधानमंत्री से एक अनुरोध किया गया, जिस पर प्रधानमंत्री ने बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।"इसी साल सितंबर महीने में पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी की नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ हुई मुलाकात के बाद जद (एस) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया था।

### सीट बंटवारे पर अटकलें तेज

कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र भी दिल्ली में हैं। इस वजह से सीट बंटवारे पर बातचीत को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। जद (एस) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के बारे में पूछे जाने पर विजयेंद्र ने कहा कि दोनों दल गठबंधन में हैं, लेकिन जद (एस) की अपेक्षाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वे लोकसभा चुनाव में कितनी सीट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। जद (एस) ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ा था। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में 25 सीट जीतकर परचम लहराया था, जबकि उसके समर्थन वाली निर्दलीय (मांड्या से सुमलता अंबरीश) ने एक सीट पर जीत हासिल की। कांग्रेस और जद (एस) ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की थी।

## जरूरी खबर

### कोर्ट ने राहुल को पोस्ट हटाने के दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बृहस्पतिवार को आदेश दिया कि वह 2021 में बलात्कार का शिकार हुई नाबालिग दलित पीड़िता की पहचान का खुलासा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट को हटाएं ताकि बच्ची की पहचान दुनियाभर में उजागर न हो। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नौ वर्षीय उस दलित बच्ची के माता-पिता के साथ एक तस्वीर साझा की थी जिसकी एक अगस्त, 2021 को संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

### यूजर्स परेशान, एक घंटे तक बाधित रही 'एक्स' सेवा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बृहस्पतिवार को एक घंटे से अधिक समय तक सेवा बाधित रही जिससे उपयोगकर्ताओं ने मंच पर पोस्ट न देख पाने की शिकायत की। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सेवाएं कुछ समय बाद बहाल हो गईं और पोस्ट दिखने लगीं, लेकिन इसके बावजूद कुछ उपयोगकर्ताओं ने बताया कि वे मंच पर अपने हाल के दिनों में की गई पोस्ट को नहीं देख पा रहे हैं। भारतीय समय के मुताबिक अपराह्न पौने 11 बजे के आसपास शिकायतें सामने आने लगीं और 4,000 से अधिक उपयोगकर्ताओं ने गड़बड़ी के बारे में सूचना दी। वैश्विक स्तर पर सेवा में बाधा से संबंधित 73,800 समस्याएं दर्ज कराई गईं।

### संजय सिंह की हिरासत 10 जनवरी तक बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से राज्यसभा सदस्य सिंह को अपने पांचवें पूरक आरोप पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। सिंह को कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने सिंह को अभियोजन शिकायत के साथ पिछली अभियोजन शिकायतों और कुछ अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए समय मांगा।

## आईएनएस सुमित्रा: स्कूली बच्चों ने देखी नौसेना की ताकत



*कोलकाता। भारतीय नौसेना की ओर से युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को कोलकाता के खिद्दरपुर डॉक पर प्रदर्शनी के लिए खड़ा किया गया। इस दौरान लोगों ने युद्धपोत का अवलोकन किया। फोटो में स्कूली बच्चे नौसेना के हथियारों के बारे में जानकारी हासिल करते हुए।*

### जैकलीन की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया है। न्यायाधीश ज्योति सिंह ने अभिनेत्री की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 29 जनवरी, 2024 को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में इस मामले में ईडी द्वारा दायर दूसरे पूरक आरोप पत्र और यहां एक निचली अदालत के समक्ष लंबित संबंधित कार्यवाही को रद्द करने का भी अनुरोध किया गया है।

## भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव के बाद गरमाई राजनीति

# संजय सिंह डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष, साक्षी ने छोड़ी कुश्ती

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह गुरुवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के नए अध्यक्ष बन गए। संजय सिंह के फेडरेशन चीफ बनते ही पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती त्यागने का ऐलान कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि संजय सिंह बृजभूषण बिजनेस पार्टनर हैं। वहीं, संजय सिंह ने अपनी बड़ी जीत के बाद मीडिया से कहा कि यह देश के उन हजारों पहलवानों की जीत है जिन्होंने पिछले 7-8 महीनों में नुकसान उठाया है। फेडरेशन के भीतर राजनीति के बारे में पूछे जाने पर संजय ने कहा, हम राजनीति का जवाब राजनीति से और कुश्ती का जवाब कुश्ती से देंगे। देर से हुए डब्ल्यूएफआई चुनाव में संजय सिंह के पैनल ने ज्यादातर पदों पर आसानी से जीत हासिल की है। भारतीय कुश्ती महासंघ के गुरुवार को हुए चुनाव में संजय सिंह को 40 वोट मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी अनीता श्योराण को सात वोट मिले।



### साक्षी के आंसू मोदी की देन: कांग्रेस

इस मामले में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ओलंपिक विजेता पहलवान साक्षी मलिक की आंखों में आंसू प्रधानमंत्री मोदी की देन है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया आज, हमारा सिर शर्म से झुक गया है। यौन हिंसा का अपराधी अपने एक प्रतिनिधि के माध्यम से भारतीय कुश्ती चला रहा है।

### साक्षी मलिक ने संयास का किया ऐलान



बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई चीफ बनने पर पहलवान साक्षी मलिक ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। साक्षी मलिक समेत कई महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे और दिल्ली में जंतर-मंतर पर कई दिनों तक धरना दिया था। गुरुवार को साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट मीडिया के सामने काफी भावुक नजर आए। साक्षी मलिक ने कहा, एक बात और कहना चाहूंगी कि लड़ाई लड़ी, पूरे दिल से लड़ी लेकिन अगर प्रेसिडेंट बृजभूषण जैसे आदमी ही रहता है जो उसका बिजनेस पार्टनर है, वो अगर इस फेडरेशन में रहेगा को मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं...। उन्होंने कहा कि देशवासियों को धन्यवाद जिन्होंने आजतक इतना सपोर्ट किया और मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया।

## सीबीडीटी ने साझा की जानकारी

# शराब कंपनी पर छापे में 351 करोड़ जब्त

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने हाल ही में ओडिशा की एक शराब कंपनी में तलाशी अभियान के बाद 351 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाबी नकदी और 2.80 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण जब्त किए। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बोर्ड ने किसी का नाम लिए बिना एक बयान में कहा कि समूह का व्यवसाय झारखंड के रांची स्थित एक परिवार की ओर से नियंत्रित किया जाता है और परिवार का एक सदस्य ''राजनीति से जुड़ा एक व्यक्ति'' है।

आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की है कि यह कार्रवाई कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिवार से जुड़े बौध डिस्टिलरी समूह के खिलाफ ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 30 से अधिक परिसरों में छह दिसंबर को शुरू किए गए तलाशी अभियान से जुड़ी थी।



सीबीडीटी ने कहा, ''जब्त किये गये सबूतों के प्रारंभिक विश्लेषण से देसी शराब की बिना हिसाब की बिक्री के रिकॉर्ड, अघोषित नकदी प्राप्तियों के विवरण और बेहिसाबी नकदी के लेन-देन का पता चलता है।'' सीबीडीटी ने बताया, ''तलाशी अभियान के दौरान सामने आए तथ्यों से संकेत मिलता है कि समूह शराब कारोबार से अर्जित आय को बड़े पैमाने पर छिपाता रहा है।''

## दिल्ली के सीएम बोले- समन राजनीति से प्रेरित

# ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए फिर पेश नहीं हुए केजरीवाल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए एक बार फिर पेश नहीं हुए और आरोप लगाया कि समन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के इशारे पर जारी किए गए हैं, जो विपक्ष की आवाज दबाना चाहते हैं।

केजरीवाल को ईडी ने बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह



बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए चले गए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को ईडी को भेजे जवाब में कहा कि समन में यह स्पष्ट नहीं किया गया है उन्हें मामले में ''गवाह या संदिग्ध'' के तौर पर या एक ''दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक'' के रूप में बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि ताजा समन 18 दिसंबर को जारी किया गया जिसे निश्चित रूप से रद्द, वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने ईडी को भेजे अपने जवाब में कहा, ''आपके समन का समय इसके पीछे की मंशा, मेरे इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि मुझे भेजे जा रहे समन किसी उद्देश्य या तर्कसंगत मानदंड पर आधारित नहीं हैं।

### रिश्वत लेते डाक विभाग का अधिकारी धरा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक कर्मचारी का निलंबन रद्द करने के लिए उससे ढाई लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में आंध्र प्रदेश में डाकघर के एक वरिष्ठ अधीक्षक को गिरफ्तार किया है। पश्चिम गोदावरी जिले में भीमावरम मंडल के वरिष्ठ अधीक्षक पी. बालासुब्रमण्यम ने आपराधिक मामले का सामना कर रहे कर्मचारी को 30 नवंबर को निलंबित किया था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, "आरोप लगाया गया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता का निलंबन रद्द करने के एवज में शुरू में 10 लाख रुपए मांगे थे।

## योगी ने राम मंदिर का किया दौरा



*अयोध्या। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अब सिर्फ महीने भर का समय रह गया है। उद्घाटन को लेकर तैयारियां जारी हैं। इसी बीच गुरुवार को सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 22 जनवरी की तारीख में सभी होटलों-धर्मशालाओं की प्री-बुकिंग को कैंसिल की जा सकती है। सुरक्षा को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। वहीं गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने राम मंदिर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।*

## केरल में तीन, कर्नाटक में दो और पंजाब में एक मरीज की मौत

# भारत में कोविड के 594 नए केस, मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 2,669

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कोरोना अब जानलेवा होने लगा है, पिछले 24 घंटे में देश भर में कोरोना संक्रमण से 6 लोगों की मौत हुई है। इनमें अकेले केरल से ही 3 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा कर्नाटक में भी दो और पंजाब में संक्रमण से मौत का एक मामला सामने आया है।

पिछले दो सप्ताह में देखें तो कोरोना से मौत का आंकड़ा 22 पर पहुंच गया है। इसके अलावा नए मामलों में भी बढ़ोतरी हुई। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकारें सभी एक्टिव हो गई हैं। कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 की ट्रैकिंग भी तेज की जा रही है।भारत में कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि सबसे ज्यादा डेंजर जोन में केरल है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं।

इनमें कोरोना के 300 केस अकेले केरल से हैं। खास बात ये है कि कोरोना की वजह से पिछले 24 घंटे में 6 लोगों की मौत की खबर भी सामने आई है।

फिलहाल देश में एक्टिव केस 2669 हैं। केरल में ही एक्टिव मरीज बढ़कर 2341 हो गए हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक केरल में कोरोना के केसों में हुई बढ़ोतरी चिंता की बात नहीं है। राज्य में संक्रमण के मामलों से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है।



### हवाई अड्डों पर जांच की योजना नहीं

भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा कि हवाई अड्डों पर यात्रियों के लिए कोविड-19 का आरटी-पीसीआर परीक्षण अनिवार्य करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। सूत्रों ने कहा कि भले ही संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़ रही है और देश में जेएन.1 उप-स्वरूप का पता चला है, लेकिन तत्काल चिंता का कोई कारण नहीं है क्योंकि संक्रमित लोगों में से 92 प्रतिशत लोग घर पर उपचार से ही ठीक हो रहे हैं, जो हल्की बीमारी का संकेत हैं।

### नए वैरिएंट के क्या हैं लक्षण

कोविड के नए वैरिएंट जेएन.1 में सर्दी, जुकाम, खांसी, बदन दर्द, गले में दर्द और बुखार आता है। आरएमएल अस्पताल के डॉक्टर अजय शुक्ला के मुताबिक जितने भी कोविड केस सामने आए है उनकी जीनोम सीक्वेंसिंग कराई जा रही है। ताकि नए वैरिएंट का पता चलाया जा सके। नोएडा सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि हमारे यहां भी कोविड केस मिला है, संक्रमित की उम्र 58 साल है, उसकी जीनोम सीक्वेंसिंग कराई जा रही है।

### नोएडा में भी कोरोना की एंट्री

दिल्ली-NCR में कोरोना संक्रमण एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। कोरोना की नोएडा में भी एंट्री हो गई है। कोरोना संक्रमित मरीज नेपाल से लौटा था। वह नोएडा के सेक्टर-36 का रहने वाला है। वहीं, गाजियाबाद में लगातार दूसरे दिन कोरोना का केस सामने आया है। विजयनगर में रहने वाले 36 साल के युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है। गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग कोविड संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान और उनकी जांच में जुटा है। साथ ही संक्रमित मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे जा रहे हैं।

BOX OFFICE WAR : जयपुर में एक दिन में ही बदला गेम, मुकाबले में आए रिबेल स्टार

# प्रभास की सालार बनी सॉलिड: डबल किए गए शो, डंकी के करीब 91 घटे

## EARLY ESTIMATE: शाहरुख की फिल्म का भारत में 1st day नेट कलेक्शन 30Cr!

**शिवराज गुर्जर. जयपुर।** शाहरुख खान स्टारर मूवी डंकी गुरुवार को रिलीज हो गई। जयपुर में पहले दिन इसे अच्छी खासी स्क्रीन मिली थी, लेकिन एक दिन में ही शोज का यह गेम बदल गया। गुरुवार को जयपुर में डंकी के मुकाबले में कहीं भी नहीं दिख रही रिबेल स्टार प्रभास की सालार शुक्रवार को मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरकर सामने आई है। गौरतलब है कि डंकी गुरुवार को 22 स्क्रीन पर रिलीज हुई थी और इसे 206 शो में दिखाया गया। इसके मुकाबले शुक्रवार को रिलीज होने जा रही सालार को उस दिन तक मात्र 8 स्क्रीन्स पर 39 शो ही मिले थे। पहले ही दिन के बाद स्थिति में एकदम से बदलाव आया है और डंकी के शहर में करीब 91 शो कम हो गए। इसके साथ ही चार स्क्रीन्स से भी यह मूवी उतार ली गई। गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार को सालार के ओपनिंग डे पर न केवल इसके शो दोगुने करीब 51 बढ़ाकर 90 कर दिए गए, बल्कि स्क्रीन्स की संख्या भी 8 से बढ़कर 15 हो गई। ऐसे में जयपुर में बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख की फिल्म के मुकाबले में हल्की दिख रही प्रभास की मूवी इसके ओपनिंग डे पर भारी पड़ती दिख रही है।







### अर्ली मॉर्निंग शो सुबह 6 बजे का

सालार के प्रति दर्शकों में क्रेज को देखते हुए इसके राजधानी में अर्ली शो भी रखे गए हैं। फिल्म का पहला शो सुबह 6 बजे का है, जो कि मानसरोवर के गैलेक्सी सिनेमा हॉल में दिखाया जा रहा है। इसके अलावा लास्ट नाइट शो 11:25 बजे का है जो सिने पोलिस ट्राइटन मॉल में चलेगा।

## कहां कितने शो

### डंकी

| | |
|---|---|
| राजमंदिर | 04 |
| आइनॉक्स, आम्रपाली सर्किल | 05 |
| पीवीआर मॉल वैशाली नगर | 14 |
| क्रिस्टल पॉल्म मॉल शिवाजी नगर | 03 |
| जीटी सेंट्रल मॉल | 15 |
| पिंक स्क्वेयर मॉल | 05 |
| सनी ट्रेड सेंटर | 09 |
| जेटीएम मॉल | 07 |
| एंटरटेनमेंट पैराडाइज | 07 |
| गैलेक्सी, मानसरोवर | 05 |
| सिने पोलिस WTP | 09 |
| ट्राइटन मेगा मॉल, झोटवाड़ा | 09 |
| पारस सिनेमा | 04 |
| फन स्टार, विद्याधर नगर | 05 |
| जेम | 04 |
| गोलेछा | 04 |
| कोहिनूर, सांगानेर | 04 |
| पीवीआर लक्स मॉल | 02 |
| कुल शो | 115 |

### ये स्क्रीन हुई कम

डंकी पहले दिन के बाद ही चार स्क्रीन्स पर से हटा ली गई है। इनमें सिटीप्लाजा बनीपार्क (11 शो), एलिमेंट मॉल अजमेर रोड (10 शो), सिनेस्टार, विद्याधर नगर (7) और फर्स्ट सिनेमा (6) से यह फिल्म उतर गई है।

### कहां कितने शो घटे

डंकी के कई स्क्रीन्स पर एक दिन बाद ही शो घटा दिए गए हैं। शुक्रवार को इस मूवी के राजमंदिर में 1, आइनॉक्स, आम्रपाली सर्किल में 3, पीवीआर मॉल वैशाली नगर में 4, क्रिस्टल पॉल्म मॉल शिवाजी नगर में 7, जीटी सेंट्रल मॉल में 6, पिंक स्क्वेयर मॉल में 8, सनी ट्रेड सेंटर में 4, जेटीएम मॉल में 3, एंटरटेनमेंट पैराडाइज में 3, गैलेक्सी, मानसरोवर में 1, सिने पोलिस WTP में 4, ट्राइटन मेगा मॉल, झोटवाड़ा में 4, फन स्टार, विद्याधर नगर में 2, गोलेछा में 3, कोहिनूर, सांगानेर में 1 और पीवीआर लक्स मॉल में 2 शो कम किए गए हैं।

### सालार

| | |
|---|---|
| आइनॉक्स, आम्रपाली सर्किल | 05 |
| पीवीआर मॉल वैशाली नगर | 11 |
| क्रिस्टल पॉल्म मॉल शिवाजी नगर | 02 |
| जीटी सेंट्रल मॉल | 12 |
| पिंक स्क्वेयर मॉल | 05 |
| सनी ट्रेड सेंटर | 07 |
| जेटीएम मॉल | 06 |
| एंटरटेनमेंट पैराडाइज | 05 |
| गैलेक्सी, मानसरोवर | 06 |
| सिने पोलिस WTP | 07 |
| ट्राइटन मेगा मॉल, झोटवाड़ा | 07 |
| फन स्टार, विद्याधर नगर | 05 |
| पीवीआर लक्स मॉल | 02 |
| फर्स्ट सिनेमा टोंक रोड | 05 |
| सिने स्टार मल्टीप्लेक्स (वि.न.) | 05 |
| कुल | 80 शो |

**ये स्क्रीन बढ़ाई:** सालार आइनॉक्स, आम्रपाली सर्किल, क्रिस्टल पॉल्म मॉल, जेटीएम मॉल, ट्राइटन मेगा मॉल, झोटवाड़ा और फन स्टार, विद्याधर नगर, फर्स्ट सिनेमा टोंक रोड, सिने स्टार (वि.न.) भी शुक्रवार को मिल गई।

### कितने शो हुए हाउसफुल

सालार के शुक्रवार को चार शो हाउसफुल या उसके करीब रहेंगे। गुरुवार को यह संख्या मात्र एक थी। हाउसफुल शो में पिंक स्क्वेयर में सुबह 11:30 बजे वाला, सनी ट्रेड सेंटर में सुबह 7:45 और 11:30 वाला, पीवीआर मॉल में सुबह 11:50 वाला शो तथा गैलेक्सी में 9 बजे वाला शो शामिल है।

### कितने शो बढ़े

| | |
|---|---|
| पीवीआर मॉल वैशाली नगर | 04 |
| जीटी सेंट्रल मॉल | 03 |
| सनी ट्रेड सेंटर | 02 |
| गैलेक्सी, मानसरोवर | 05 |
| सिने पोलिस WTP | 02 |
| फर्स्ट सिनेमा टोंक रोड | 05 |
| सिने स्टार मल्टीप्लेक्स (वि.न.) | 05 |

## डॉ. सिन्हा सेकंड वाइस प्रेसिडेंट



**बेधड़क. जयपुर।** न्यूरो सर्जन डॉ. वीडी सिन्हा को वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सोसायटीज का सेकंड वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया है। डॉ. सिन्हा भारत के एक मात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें 183 देशों की संस्था में इस पद के लिए चुना गया है। साउथ अफ्रीका के केपटाउन शहर में आयोजित वर्ल्ड प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ऑनलाइन वोटिंग के जरिए विश्वभर के न्यूरो सर्जन्स की एग्जीक्यूटिव कमेटी के 260 वोट में से 60.80 प्रतिशत वोट लेकर डॉ. सिन्हा ने जीत दर्ज की। उनका कार्यकाल 2 साल (2023-2025) का होगा। इस दौरान प्रेसिडेंट मोरक्को की डॉ. नाजिया अबाडी ने कार्यभार संभाला। गौरतलब है कि डॉ. सिन्हा एशियन-ऑस्ट्रेलियन्स सोसायटी ऑफ न्यूरोलॉजिकल सर्जन्स के अंतरराष्ट्रीय महासचिव भी रहे हैं। इसके अलावा डब्ल्यूएफएनएस न्यूरोरिहेबलिटेशन एंड रिक्नस्ट्रेटिव न्यूरो सर्जरी के अध्यक्ष, डब्ल्यूएफएनएस न्यूरो ट्रोमा कमेटी के बोर्ड मैंबर रहे। नेशनल स्लि बेस सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तथा एसीएनएस के एक्जक्युटिव मैंबर भी रहे हैं। उन्होंने बताया कि कि विकासशील देशों में सड़क दुर्घटना में हैड इंजरी से होने वाली मौतें सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें कम करने में पुलिस व न्यूरो सर्जन्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

## JLF-2024 प्रोग्राम की घोषणा



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी में एक बार साहित्य का समंदर होगा और इसके लिए जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 250 से अधिक वक्ताओं की मेजबानी होगी, जिसमें बुकर, इंटरनेशनल बुकर, पुलित्ज़र, साहित्य अकादमी, पद्मश्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण, बैली गिफर्ड, डीएससी प्राइज, जेसीबी पुरस्कार विजेता शामिल हैं। गुरुवार को घोषित प्रोग्राम में फेस्टिवल में शामिल किए गए विविध विषयों पर भी प्रकाश डाला गया है। लेखिका, प्रकाशक और फेस्टिवल की को-डायरेक्टर नमिता गोखले ने कहा कि फेस्टिवल दुनिया को जयपुर लेकर आता है और इसी बहाने जयपुर को भी दुनिया तक ले जाता है। उद्देश्य भारतीय भाषाओं और लेखकों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना है, जो भारतीय साहित्य के वैविध्य और समृद्धि के प्रतिबिंब हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर और फेस्टिवल के प्रोड्यूसर संजॉय के. रॉय ने कहा, बताया, कि 2024 फोकस साहित्यिक आलोचना, साइंस व मेडिसिन, पर्यावरण व जलवायु, कानून व न्याय, मानसिक स्वास्थ्य, जियोपॉलिटिक्स आदि पर है।

# City इवेंट्स

## दिव्यकृति सिंह को अर्जुन अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने इस वर्ष के लिए प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड की घोषणा की, जिसमें राजस्थान की इक्वेस्ट्रियन एथलीट दिव्यकृति सिंह इस वर्ष पुरस्कार पाने वाली प्रदेश की एक मात्र एथलीट बनी हैं। वह इक्वेस्ट्रियन में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित होने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला भी हैं। इक्वेस्ट्रियन में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता, दिव्यकृति ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, जस्टिस खानविलकर की अध्यक्षता में एक प्रतिष्ठित समिति द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के बाद विशिष्ट पुरस्कार विजेताओं में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। दिव्यकृति ने कहा कि यह एक सुखद अनुभव है और मैं अपने घोड़ों और अपने कोच की आभारी हूं।

## वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु को मेडल



**बेधड़क. जयपुर।** ग्रीन फीट स्पोर्ट्स रन की ओर से वर्ल्ड एन्वायरमेंट डे पर जयपुर में वर्चुअल 21 किलोमीटर की रन का आयोजन किया गया। ऐसे में हुई अवॉर्ड सेरेमनी में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक को मेडल पहनाकर सम्मानित किय गया। उनको पिंक सिटी मैराथन के सीईओ मनोज सोनी ने मेडल पहनाया और उनके सक्सेस पर चर्चा की गई। टांक ने अपनी तैयारियों और स्ट्रेटजी के बारे में जानकारी दी ।

## डॉ. रश्मि और सिंघल को मिला अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** एसएमएस हॉस्पिटल के डॉ. रश्मि कटारिया और डॉ. पवन सिंघल को बेस्ट रिसर्च पेपर अवॉर्ड दिया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक से इलाज और उपचार पर दोनों को एसएमएस बेस्ट रिसर्च पेपर अवॉर्ड-2022-2023 दिया गया। अवॉर्ड सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा ने दिया। डॉ. रश्मि ने सीवी जंक्शन की बीमारियों का 3डी प्रिंटिंग पद्वतियों से नवीनतम विधि द्वारा इलाज पर और सिंघल ने जन्मजात बहरापन से ग्रसित बच्चों में कॉकलियर इंप्लांट के ऑपरेशन की नई सरल तकनीक ईजाद की। डॉ. कटारिया सीवी जंक्शन की बीमारियों के इलाज की जटिलताओं को आसान बनाकर मरीजों को नवीन तकनीक से उपचार दिया। इससे मरीजों में पहले की अपेक्षा बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। वहीं, डॉ. सिंघल की और से कॉकलियर इंप्लांट के ऑपरेशन की नई तनकीक बेहद आसान और सुविधाजनक है। इसके परिणाम बेहतर आ रहे हैं। यह तकनीक गूंगे और बहरे बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है।

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

## शास्त्रीय गायन, वादन-फिल्मी और फ्यूजन जयपुर में रहा खास




**बेधड़क | जयपुर**

संगीत की प्रतियोगिताएं शास्त्रीय गायन, वादन, फिल्मी और फ्यूजन ग्रुप आदि में कला निखकर सामने आई तो हर कोई रोमांचित हो उठा। मौका था राजस्थान संगीत संस्थान में स्पर्धा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का, जिसमें प्रोफेसर डॉ. सौरभ शर्मा, प्रोफेसर डॉ. गीता शर्मा आदि ने शिरकत की।

विभिन्न श्रेणी में प्रतिभागियों ने शास्त्रीय और उप शास्त्रीय श्रेणी में गायन, सितार, वाइलिन, नृत्य, तबला आदि में हिस्सा लिया। फ्यूजन ग्रुप संगीत में दरबारी ग्रुप प्रथम रहा। सोलो वादन और विविध वादन प्रतियोगिताओं में शुभाकुर और भानुप्रताप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, शास्त्रीय गायन में दीपक देवत प्रथम और अमीषा शर्मा, चित्रा राणा द्वितीय रहे। गैर फिल्मी गायन में मयंक और काजल प्रथम, दीपक देवत और अमीषा शर्मा द्वितीय और हार्दिक और छवि तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर विजयेंद्र गौतम ने गजल मेरा कहा कैसे हो.., प्रोफेसर सुनीता श्रीमाली ने पिया तोसे नैना लागे... प्रोफेसर सीमा सक्सेना ने कविता और गीत, डॉ. गौरव जैन ने आवाज मैं ना दूंगा फिल्मी गाने गाकर वातावरण को संगीतमय बना दिया। जूरी में गजल गायक सुनील राही ने काश ऐसा कोई मंजर होता, रुख हवा के बदल गए कैसे गाकर वातावरण को संगीतमय परवान चढ़ा दिया। कलाकार जे के पवार ने माना हो तुम बेहद हंसी गाकर प्रस्तुति से वातावरण को खुशनुमा बना दिया।

150 दस्तकार कर रहे आर्ट को प्रमोट

## 'पधारो म्हारे शिल्पग्राम' से मिल रहा है हस्तशिल्प को बढ़ावा



**बेधड़क | जयपुर**

देशभर का आर्ट वर्क और क्रिएटिविटी जयपुर के हेरिटेज मंच पर देखने को मिली। वहीं, मान्यता प्राप्त आर्ट को भी शामिल किया गया, जिसके कलाकारों ने बारीकियां बताईं। ये सब शुरू हुआ जवाहर कला केंद्र में, जहां राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर 6 दिवसीय राष्ट्रीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी 'पधारो म्हारे शिल्पग्राम' की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि कला, साहित्य, संस्कृति, पुरातत्व व पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शिरकत की और आर्टिस्ट्स से मिलकर कला के बारे में भी जाना।

देश भर के 19 राज्यों के आर्टिस्ट जयपुर के मंच पर हैं। ऐसे में कला का एक्सचेंज भी हो रहा है। 150 दस्तकार व हस्तशिल्पकार राष्ट्रीय प्रदर्शनी का हिस्सा हैं, जो आर्ट को प्रमोट कर रहे हैं। दूसरी ओर आर्ट के साथ यहां कल्चरल प्रोग्राम्स आयोजित किए गए हैं, जो जयपुराइट्स को आकर्षित कर रहे हैं। राजस्थानी लोक कला की छटा हो या अन्य आर्टिस्ट की परफॉर्मेंस सभी में नयापन है। ऐसे में पहले दिन शाम को राजस्थानी गीतों पर 'चरी नृत्य' की प्रस्तुति खास रही। इस मौके पर नाबार्ड राजस्थान प्रमुख महाप्रबंधक डॉ.राजीव सिवाच ने भी विचार रखे। नाबार्ड महाप्रबंधक मंजू खुराना और एसएलबीसी संयोजक हर्षद कुमार सोलंकी उपस्थित रहे।

**JJS-2023** जयपुर जूलरी शो में 100 से ज्यादा बूथ्स होंगे

# यंग जूलरी डिजाइनर्स को गुलाबी नगरी में मिलेंगे अवॉर्ड

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर रत्न व आभूषण के महाकुंभ से एक बार फिर सरोबार हो रहा है। क्योंकि 'जयपुर जूलरी शो' (जेजेएस) फिर से अपनी आभा बिखेर रहा है। सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में शो का उद्घाटन राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगीं। इस बार जेजेएस की थीम 'एमराल्ड... योर स्टोन योर स्टोरी' है। गुलाबी शहर वर्ल्ड कैपिटल ऑफ एमरल्ड के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में एमरल्ड रत्न व आभूषणों पर विशेष फोकस रहेगा। 1100 से





ज्यादा बूथ्स के साथ शो आया है, जिसमें 318 बूथ्स पर जेम स्टोन्स, 660 बूथ्स पर जूलरी प्रदर्शित की जाएगी, जबकि 13 पर कॉस्ट्यूम व सिल्वर आर्टिकल्स होंगे।



### 1000 जूलरी रिटेलर्स से सज्जित शो

जेजेएस मानद सचिव राजीव जैन ने बताया कि इस वर्ष देशभर के लगभग 1000 टॉप जूलरी रिटेलर्स शामिल हैं। ये बी2बी बायर्स के रूप में सम्पर्क बनाते हैं, ताकि बायर्स का निरन्तर रूप से जूलरी मैन्यूफैक्चरर्स से सम्पर्क हो सके।



### जूलर्स को करेंगे पुरस्कृत

इंडियन जूलरी मैगजीन की ओर से इस अवॉर्ड के प्रतिभागियों में उत्साह बना हुआ है। इंडियन ज्वेलर डिजाइन अवॉर्ड्स के आयोजक आलोक काला ने बताया कि शुक्रवार को एक विशेष समारोह में जेजेएस-इंडियन ज्वेलर डिजाइन अवॉर्ड्स-2023 के विजेताओं का नाम घोषित किया जाएगा।



## उत्तर पश्चिम चीन में भूकंप से गई 135 लोगों की जान



# भूकंप पीड़ितों के लिए अब ठंड बनी चुनौती

**एजेंसी** | यंग्वा (चीन)

उत्तर पश्चिम चीन के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में आए भूकंप से मची तबाही के बाद अब पीड़ितों के लिए ठंड चुनौती बन गई, जो अस्थायी शिविरों में शरण लिए हुए हैं। भूकंप से मची तबाही के मंजर के बीच एक तरफ अपनों को खोने का गम साल रहा है तो दूसरी ओर अपना जीवन फिर से कैसे पटरी पर लाएं, यह भी पीड़ितों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। अस्थायी आश्रय के अंदर रहने वाले लोगों ने कहा कि अपर्याप्त भोजन और ठंड अब भी एक समस्या बनी हुई है।

उत्तर पश्चिम चीन के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में सोमवार रात को आए भूकंप में कई मकान मलबे में तब्दील हो गए हैं। भूकंप में 135 लोगों की जान गई है तथा 900 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकतर हताहत गांसू प्रांत से हैं जबकि शेष पास के किंघाई प्रांत से हैं। संवाददाता सम्मेलन में अधिकारियों ने कहा कि गांसू में लगभग 15,000 मकान ढह गए और 87,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित शिविरों में ले जाया गया है। तापमान शून्य से काफी नीचे गिर जाने के कारण कई लोगों ने क्षेत्र में स्थापित आश्रय स्थलों में रात बिताई। उत्तर में किंघाई में खोजकर्ता उस क्षेत्र में लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं, जहां भूस्खलन के कारण दो गांव जमींदोज हो गए।

### अस्थाई आवास इकाइयों का निर्माण शुरू

**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में आए भूकंप से बचे लोगों के लिए सैकड़ों अस्थाई आवास इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। सरकारी मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। चीन में आए भूकंप से 14 हजार से अधिक मकान नष्ट हो गए। खबरों के अनुसार भूस्खलन से प्रभावित दो गांवों में बाढ़ आने से 12 लोग लापता हैं। सरकारी मीडिया की खबरों में कहा गया है कि भूकंप से प्रभावित लोगों के रहने के लिए एक कमरे वाली अस्थायी आवास इकाइयों का निर्माण शुरू कर दिया गया है।

## उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने फिर दी धमकी

# दुश्मन उकसाएगा तो उस पर गिरा देंगे परमाणु बम

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग की परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी ने दुनिया को डरा दिया है। राज्य मीडिया ने किम के हवाले से कहा कि अगर कोई दुश्मन उन्हें परमाणु बम से उकसाता है तो हम परमाणु हमला करने से नहीं हिचकिचाएंगे। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ में परमाणु योजना पर काम करने से किम जोंग उन भड़के हुए हैं। किम की चेतावनी से अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने चिंता जताई है।

केसीएनए समाचार एजेंसी ने कहा कि किम जोंग उन ने यह टिप्पणी तब की जब वह अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के हालिया प्रक्षेपण अभ्यास पर सैनिकों से मुलाकात कर रहे थे। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने नाम न लेते हुए अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर निशाना साधा है। उत्तर कोरिया पिछले कुछ महीनों से अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच सैन्य अभ्यासों से परेशान है। उसे लगता है कि इससे उसकी संप्रभुता को खतरा है। किम जोंग उन ने कहा कि इस बार उनकी दृढ़ सैन्य गतिविधि आक्रामक जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब कोई दुश्मन हमे उकसाता है तो हम परमाणु हमले में जरा भी संकोच नहीं करेंगे।

### किम की बहन ने UNSC की निंदा की



तानाशाह किम की बहन किम यो जोंग ने आईसीबीएम लॉन्च पर बैठक आयोजित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश की आत्मरक्षा के लिए किया गया अभ्यास था। उन्होंने कहा कि यूएनएससी को अमेरिका और कोरिया गणराज्य (दक्षिण कोरिया) के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार और कृत्य पर गौर करनी चाहिए। जिन्होंने पूरे साल सभी प्रकार की सैन्य गतिविधियों के साथ उत्तर कोरिया को उकसाया है।

## टीजेपी के आतंकवादियों ने पाकिस्तान में किया था हमला

# आत्मघाती हमले में शामिल नौ आतंकी अरेस्ट

**एजेंसी** | पेशावर

पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर किए गए घातक हमले में शामिल नौ आतंकवादियों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें 'मास्टरमाइंड' (मुख्य सूत्रधार) भी शामिल है। यह हमला हाल के सालों में किए गए सर्वाधिक घातक हमलो में से एक था। इसमें 23 सैनिकों की मौत हो गई थी। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े एक नवगठित आतंकी समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) से संबंधित छह आतंकवादियों ने नवगठित आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) से जुड़े छह आतंकवादियों ने 12 दिसंबर को यह हमला किया था। आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान आदिवासी जिले के डेरा इस्माइल खान में विस्फोटक से भरे ट्रक से सुरक्षा चौकी को टक्कर मार दी थी। इससे 23 सैनिकों की मौत हो गई।



## चीन के हेईलोंगजिआंग प्रांत में हुआ हादसा

# खदान में दुर्घटना में 12 की मौत

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के हेईलोंगजिआंग प्रांत में कोयले की खदान में दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए।

सरकारी 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि यह दुर्घटना हेंगशान जिले में 'कुनयुआन कोयला खदान' में बुधवार दोपहर को हुई। दुर्घटना में घायल 13 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए जांच दल गठित किया गया है।

चीन में खदान दुर्घटनाएं आम हैं लेकिन हाल के वर्षों में इनमें मरने वालों की संख्या में कमी आई है। चीन कोयले का सबसे बड़ा निर्माता और उपयोगकर्ता है।

## न्यूजर्सी से 2019 से लापता है भारतीय छात्रा

# FBI देगा 10,000 डॉलर का इनाम

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क (अमेरिका)

संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने चार साल पहले न्यूजर्सी से लापता हुई भारत की 29 वर्षीय छात्रा के बारे में जानकारी देने वाले को 10,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है।

मयूशी भगत को आखिरी बार 29 अप्रैल, 2019 की शाम को जर्सी सिटी में अपने अपार्टमेंट से निकलते हुए देखा गया था। मयूशी के परिवार ने एक मई, 2019 को पुलिस को उसके लापता होने की सूचना दी थी।

एफबीआई नेवार्क फील्ड कार्यालय और जर्सी सिटी पुलिस विभाग भगत के लापता होने की गुत्थी सुलझाने में जनता की मदद मांग रहे हैं। एफबीआई मयूशी का पता या बरामदगी के बारे में जानकारी देने वाले को 10,000 अमेरिकी डॉलर तक का इनाम देगी। पिछले साल जुलाई में एफबीआई ने भगत को 'लापता व्यक्तियों' की सूची में शामिल किया था और जनता से उनके बारे में जानकारी के लिए सहायता मांगी थी। एफबीआई ने भगत के 'गुमशुदा व्यक्ति' पोस्टर को अपनी वेबसाइट के 'मोस्ट वांटेड' पृष्ठ पर 'अपहरण/लापता व्यक्तियों' की सूची के तहत रखा है।




### छात्र वीजा पर रह रही थी अमेरिका में

जुलाई 1994 में भारत में जन्मी भगत छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रही थी और न्यूयॉर्क इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पढ़ रही थी। मयूशी अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषा में पारंगत है और जांच अधिकारियों का कहना है कि न्यूजर्सी के साउथ प्लेनफील्ड में उसके दोस्त रहते हैं। एफबीआई ने कहा कि अगर किसी को भी भगत, उनके ठिकाने या उनके लापता होने के बारे में कोई जानकारी मिले तो वे एफबीआई नेवार्क या जर्सी सिटी पुलिस विभाग को फोन कर इसकी सूचना दें।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl